उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक-39)

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 30 अक्तूबर, 2023



चेन लुटेरों पर गिरी गाज, नौबस्ता प्रभारी ने कई थानों की बचाई लाज

बजरंगबली को उड़ते देख दंग रह गए लोग

ग्रेग चैपल का बुरा हाल, गरीबी झेल रहा पूर्व भारतीय कोच

## न्यूज संक्षिप्त

### ऑनलाइन बेचे जा रहे हैं हिंदू देवियों के आपज़िजनक पोस्टर

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग को एक शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें अनचाहे ईमेल मिल रहे थे जिनमें हिंदू देवी-देवताओं की अश्लील और अपमानजनक तरीके से चित्रित सैंपल तस्वीरें थीं।दिल्ली महिला आयोग ने रविवार को दिल्ली पुलिस को एक नोटिस जारी किया है। जिसमें हिंदू देवी-देवताओं की कथित आपज़िजनक तस्वीरें ऑनलाइन बेचने वाले व्यक्ति को जल्द गिरफ़्तार करने की मांग की है। ष्ठङ्कष्ट प्रमुख स्वाति मालीवाल ने कहा कि एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग इंटरनेट पर हिंदू देवताओं के आपज़िजनक और अश्लील फोटो बेच रहे हैं।उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एज़्स पर एक वीडियो शेयर कर कहा, %हमे एक शिकायत मिली कि एक आदमी पैसे लेकर हिंदू देवी-देवताओं की फोटोशॉप से बनाई आपज़िजनक एवं अश्लील तस्वीरें लोगों को बेचता है। इस घिनौनी और बेशर्मी की हदें पार करने वाली हरकत करने वाले आदमी को तुरंत गिरफ़्तार करने के लिए पुलिस को नोटिस भेजा है।

### आतंकियों ने एक इंस्पेज़्टर पर की फायरिंग

नई दिल्ली। जज़्मू-कश्मीर के श्रीनगर में कुछ आतंकियों ने पुलिस पर गोलीबारी कर दी, जिसमें जज़्मू कश्मीर पुलिस के इंस्पेज़्टर घायल हो गए हैं। घायल जवान को इजाल के लिए तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया है और पुलिस पूरे इलाके की घेराबंदी कर आतंकियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक, श्रीनगर के ईदगाह के पास आतंकवादियों ने इंस्पेज़्टर मसरूर अहमद पर फायरिंग की और उन्हें घायल कर दिया। उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस आतंकी गतिविधि में पिस्तौल का इस्तेमाल किया गया था। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और मामला दर्ज किया गया है।

इंस्पेज़्टर पर हमले के बाद सुरक्षाबल के जवान हरकत में आ गए हैं और श्रीनगर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कश्मीर जोन पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि घटना तब हुई जब इंस्पेज़्टर मसरूर अहमद वानी ईदगाह मैदान में स्थानीय लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लश्कर समर्थित आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने हमले की जिज़्मेदारी ली है। सूत्रों ने कहा कि हमलावरों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए सीसीटीवी को स्कैन किया गया है। उन्होंने बताया कि दो आतंकवादी इलाके में सक्रिय हैं, जिनकी पहचान लश्कर के मोमिन और बासित डार के रूप में हुई है।

# भारत ने विश्व कप में लगातार छठी जीत हासिल की, लखनऊ में इंग्लैंड को 100 रन से हराया

लखनऊ। वनडे विश्व कप के 29वें मैच में भारत ने गत विजेता इंग्लैंड को 100 रन से हरा दिया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

भारत ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की 34.5 ओवर में 129 रन पर सिमट गई। टीम इंडिया ने टूर्नामेंट में लगातार छठी जीत हासिल की। वहीं, इंग्लैंड की छह मैचों में यह पांचवीं हार है। भारतीय टीम अब सेमीफाइनल में में जगह बनाने के करीब पहुंच गई है। वहीं, इंग्लैंड की टीम टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार पर आ गई है।



जसप्रीत बुमराह ने 35वें ओवर की पांचवीं गेंद पर मार्क वुड को क्लीन बोल्ड करके इंग्लैंड की पारी को समेट दिया। वुड ने एक ही गेंद का सामना किया और वह खाता नहीं खोल पाए। डेविड विली दूसरे छोर पर 16 रन बनाकर नाबाद रहे। वुड के आउट होते ही टीम इंडिया ने मैच को अपने नाम कर लिया। उसने इंग्लैंड को 100 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत के अब छह मैच में 12 अंक हो गए हैं और वह सेमीफाइनल में पहुंचने के करीब है। दूसरी ओर, इंग्लैंड को छह मैचों में पांचवीं हार मिली है और उसके सिर्फ दो अंक हैं।भारत की इंग्लैंड पर विश्व कप में 20 साल में यह पहली जीत है। उसे पिछली जीत 2003 में मिली थी। उसके बाद 2011 में दोनों टीमों के बीच मुकाबला टाई रहा था। वहीं, 2019 में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा था।

**भारतीय गेंदबाजों ने बरपाया कहर**

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की 34.5 ओवर में 129 रन पर सिमट गई। भारत के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड के बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच विकेट लेने वाले मोहम्मद शमी ने इस मुकाबले में भी घातक गेंदबाजी की और चार विकेट अपने नाम किए। अनुभवी जसप्रीत बुमराह ने तीन विकेट चटकाए। कुलदीप यादव को दो और रवींद्र जडेजा को एक सफलता मिली।

## सीएम योगी ने इंग्लैंड के खिलाफ जीत को बताया अविस्मरणीय, अखिलेश बोले- आगे भी जीतेगा इंडिया!



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीम इंडिया को इंग्लैंड पर जीत की बधाई दी है और कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम का विजय अभियान अविराम जारी रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वकप 2023 में इंग्लैंड पर 100 रन की शानदार जीत दर्ज करने के लिए टीम इंडिया को बधाई दी है। उन्होंने इसे एक अविस्मरणीय जीत करार दिया ।सोशल मीडिया साइट एक्स पर उन्होंने लिखा कि एक और अविस्मरणीय विजय!

इंग्लैंड के विरुद्ध शानदार जीत की संपूर्ण देश वासियों को हार्दिक बधाई! सभी खिलाड़ियों का अभिनंदन। भारतीय क्रिकेट टीम का विजय अभियान अविराम जारी रहे। भारत ने विश्वकप के अभियान में अभी तक सभी छह मैच जीते हैं। एक और अविस्मरणीय विजय !इंग्लैंड के विरुद्ध शानदार जीत की संपूर्ण देश वासियों को हार्दिक बधाई! सभी खिलाड़ियों का अभिनंदन ।इस मौके पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी जीत की बधाई दी। उन्होंने एक्स कर कहा कि इकाना बना इंडिया की ऐतिहासिक जीत का गवाहज् आगे भी जीतेगा इंडिया! समस्त देश-प्रदेशवासियों को बधाई! इकाना बना इंडिया की ऐतिहासिक जीत का गवाहज् आगे भी जीतेगा इंडिया! समस्त देश-प्रदेशवासियों को बधाई!

# केरल के कलामासेरी में एक कन्वेंशन सेंटर में धमाका

## एक व्यक्ति की मौत, 20 से ज्यादा घायल



कोच्चि। केरल के कलामासेरी में एक कन्वेंशन सेंटर में रविवार सुबह हुए धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। कलामासेरी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि फिलहाल धमाके की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। यह भी पुष्टि नहीं हो सकी है कि मौके पर एक से ज्यादा धमाका तो नहीं हुआ ।अधिकारी के मुताबिक, धमाका कथित तौर पर एक ईसाई समूह के कन्वेंशन सेंटर पर हुआ। उन्होंने बताया कि सुबह नौ बजे धमाके की सूचना वाला फोन आया और पुलिस की मदद मांगी गई। टेलीविजन चैनल पर प्रसारित घटना के दृश्यों में बड़ी संख्या में दमकल कर्मियों और पुलिस कर्मियों को घटनास्थल से लोगों को निकालते हुए देखा जा सकता है। कन्वेंशन सेंटर के अंदर हुए धमाके के विचलित करने वाले दृश्यों में हॉल में कई जगहों पर आग लगी नजर आ रही है, जिससे डरे लोग चिल्लाते दिख रहे हैं। धमाके के बाद सैकड़ों लोग कन्वेंशन सेंटर के बाहर खड़े नजर आए।

### दिल्ली में गिरजाघरों, मेट्रो स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ाई गई

नयी दिल्ली। केरल के एक कन्वेंशन सेंटर में रविवार को हुए धमाके के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में गिरजाघरों के आसपास और मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि मुख्य बाजारों, गिरजाघरों, मेट्रो स्टेशनों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारी ने बताया, ''उत्तर प्रदेश और हरियाणा की सीमा से सटे इलाकों पर पुलिस दलों को नाकाबंदी करने के लिए सूचित किया गया है।

### अमित शाह ने की सीएम पी. विजयन से बात, धमाके के बाद लिया स्थिति का जायजा

केरल के कलामासेरी में एक कन्वेंशन सेंटर में रविवार सुबह हुए धमाके के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पी विजयन से बातचीत की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तीन धमाके हुए हैं जिससे कन्वेंशन सेंटर दहल गया है। इन धमाकों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कलामासेरी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि फिलहाल धमाके की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। यह भी पुष्टि नहीं हो सकी है कि मौके पर एक से ज्यादा धमाका तो नहीं हुआ। अधिकारी के मुताबिक, धमाका कथित तौर पर एक ईसाई समूह के कन्वेंशन सेंटर पर हुआ। उन्होंने बताया कि सुबह नौ बजे धमाके की सूचना वाला फोन आया और पुलिस की मदद मांगी गई। टेलीविजन चैनल पर प्रसारित घटना के दृश्यों में बड़ी संख्या में दमकल कर्मियों और पुलिस कर्मियों को घटनास्थल से लोगों को निकालते हुए देखा जा सकता है। कन्वेंशन सेंटर के अंदर हुए धमाके के विचलित करने वाले दृश्यों में हॉल में कई जगहों पर आग लगी नजर आ रही है, जिससे डरे लोग चिल्लाते दिख रहे हैं।

### मुंबई भी अलर्ट, धर्मस्थलों की सुरक्षा बढ़ाई गई

केरल में हुए इस बेहद बड़े धमाके के बाद मुंबई और पुणे में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। बता दे कि केरल में जहां यह धमाका हुआ उसे घटना स्थल पर 2000 लोग मौजूद थे। यानी बड़े स्तर पर लोगों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्यों से इस धमाके को किया गया था ।केरल में ईसाइयों की एक सभा में 29 अक्टूबर यानी रविवार को तीन सीरियल धमाके हुए हैं, जिसकी बात पुरे केरल में अफरा तफरी मच गई है। इन धमक में एक शख्स की मौत हो गई है जबकि 20 से अधिक घायल हुए हैं।













# विजयनगरम में दो यात्री ट्रेनों की टक्कर, आठ की मौत, 20 लोग घायल

विशाखापत्तनम । आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में दो ट्रेनों की टक्कर हो गई है। हादसे में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 20 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि हावड़ा-चेन्नई रूट पर विशाखापत्तनम-पलासा पैसेंजर ट्रेन और विशाखापत्तनम-रायगढ़ा पैसेंजर ट्रेन के बीच टक्कर हो गई। हादसे में तीन कोच क्षतिग्रस्त हुए हैं। बचाव अभियान जारी है।

सहायता और एम्बुलेंस के लिए स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ को सूचित किया गया है। दुर्घटना राहत ट्रेनें घटनास्थल पर पहुंच चुकी हैं।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बचाव अभियान चल रहा है, सभी को निकाल लिया गया है। टीमें तैनात कर दी गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हालात की समीक्षा की है। मैंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात की। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। इस बीच प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की और अलामंदा और कंटकपल्ले सेक्शन के बीच दुर्भाग्यपूर्ण ट्रेन के संबंध में मौजूदा स्थिति का जायजा लिया। अधिकारी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। इस बीच प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजन को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार की रुपये की आर्थिक मदद का एलान किया गया।

### वंदे भारत ट्रेन से टकराया रेहड़ा, महिला और उसकी दो बेटियों की मौत

मेरठ । मेरठ में रविवार शाम हुए हादसे में एक महिला और दो बच्चों की वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि तीनों अपने ठेले को लेकर निकल रही थे कि ट्रेन की चपेट में आने से तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मेरठ के कंकरखेड़ा क्षेत्र में कासिमपुर फाटक पर रविवार शाम देहरादून की ओर जा रही वंदेभारत से रेहड़ा टकराने से महिला और उसके दो पुत्रियों की मौत हो गई।



## संपादकीय

### फैसले से स्तब्ध देश

सारा देश कतर की एक अदालत के उस फैसले से स्तब्ध है, जिसमें आठ पूर्व नौसेना कर्मियों को मौत की सजा दी गई है। निस्संदेह, इस संवेदनशील मामले का निपटारा भारत सरकार के लिये बड़ी चुनौती है। यह मोदी सरकार की अग्नि परीक्षा होगी क्योंकि कतर के साथ भारत के रिश्ते उतने मधुर नहीं हैं जितने यूएई व सऊदी अरब के साथ हैं। फलतः भारत के लिये यह बड़ी डिप्लोमैटिक चुनौती बन गई है। दरअसल, जिन आठ लोगों को कतर में फांसी दी गई है, वे सभी भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी हैं और एक डिफेंस सर्विसेज देने वाली ओमान की कंपनी के लिये काम कर रहे थे। जिन्हें गत वर्ष 30 अगस्त को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, कतर सरकार ने सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट नहीं किया है कि इन्हें किस अपराध में गिरफ्तार करके फांसी की सजा दी गई है। इनके परिवारों को भी लगाये गए आरोपों की जानकारी नहीं दी गई है। वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि यह कोई ऐसा संवेदनशील मामला है जिसे दोनों देश उजागर नहीं करना चाहते। दरअसल, नौसेना कर्मियों पर इस साल मार्च में मुकदमा शुरू हुआ था और कतर स्थित भारतीय दूतावास इस मामले में कार्रवाई करता रहा है। बहरहाल, अब मामले में केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने का दबाव पीड़ितों के परिजनों की तरफ से बढ़ रहा है। वहीं राजनीतिक दल भी इस मामले पर टिप्पणी करने लगे हैं। पीड़ितों के परिजन सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि केंद्र अपने राजनयिक व राजनीतिक प्रभाव से पूर्व नौसेना कर्मियों को राहत दिलाने का प्रयास करे। ऐसा नहीं है कि विगत में मोदी सरकार ने इस दिशा में प्रयास नहीं किये, लेकिन कतर इस मामले में राहत देने को तैयार नहीं था। उसे सऊदी अरब व यूएई से बेहतर होते भारत के रिश्ते रास नहीं आते। वहीं दूसरी ओर वह ईरान व तुर्की के प्रभाव में अधिक बताया जाता है।

उल्लेखनीय है कि ये पूर्व नौसेना कर्मी एक ओमानी नागरिक की कंपनी दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजिज एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज के लिये कतर में सेवाएं दे रहे थे। कतर की सुरक्षा एजेंसी ने इस कंपनी के मालिक को भी गिरफ्तार किया था, लेकिन उसे पिछले साल के अंत में छोड़ दिया गया था। यह कंपनी कतर की एक कंपनी के लिये सेवाएं उपलब्ध करा रही थी। उल्लेखनीय है कि मौत की सजा पाने वालों में एक पूर्व नौसेना कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, जो इस ओमानी कंपनी में प्रबंध निदेशक थे, भी शामिल हैं। उन्हें विगत में भारत व कतर के बीच संबंध सुधारने में योगदान हेतु प्रवासी भारतीय सम्मान दिया गया था। बहरहाल, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कतर की खुफिया एजेंसी स्टेट सिक्योरिटी ब्यूरो ने इन पूर्व नौसेना कर्मियों को क्यों गिरफ्तार किया है। जिसकी मुख्य वजह यह है कि आरोप सार्वजनिक नहीं हुए हैं। जिसकी वजह से सजा पाने वाले पूर्व अधिकारियों के परिजन खासे चिंतित हैं। इनमें से कई वरिष्ठ नागरिक होने के साथ कई तरह के उम्र से जुड़े रोगों से जूझ रहे हैं। उनका कहना है कि इन लोगों ने लंबे समय तक नौसेना अधिकारियों के रूप में देश की सेवा की है, तो जब इन पर संकट आया है तो देश को प्राथमिकता के आधार पर इन्हें राहत देने का प्रयास करना चाहिए।

# खाद्यान्न संकट के बीच कुपोषण की चुनौती

चिंताजनक यह है कि वैश्विक खाद्य स्थिति में सुधार होने की संभावना नहीं दिख रही। अतिशयी मौसमीय मार (जो कि पर्यावरणीय बदलावों का नतीजा है) लगातार बढ़ने लगी है और जिससे बनी बाढ़ या सूखे खाद्यान्न उत्पादन पर असर डालते हैं। इसके साथ ही, यदि इस्राइल-हमास लड़ाई में आसपास के मुल्क भी कूद पड़े तो इससे खाद्यान्न आपूर्ति में आगे अनिश्चितता बनेगी और कीमतें और ऊपर उठेंगी। सूचकांक में प्रयुक्त हुए चार संकेतकों में तीन में भारत और पड़ोसी देश सबसे खराब श्रेणी में नहीं आते अर्थात् उम्र-बनाम-लंबाई, कुपोषण और शिशु-मृत्यु दर में। लेकिन भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश लंबाई-बनाम-भार श्रेणी में सबसे अधिक प्रभावित वर्ग में है। इन तीनों में, भारत का आंकड़ा सबसे अधिक 18.7 फीसदी होने के कारण स्थिति सबसे खराब है,



नवीनतम वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत को 111वें स्थान पर रखा गया है, यह जगह 125 मुल्कों में न केवल सबसे निचले पायदानों की है बल्कि हम पड़ोस के बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और पाकिस्तान से भी पिछड़े हुए हैं। उम्मीद के मुताबिक भारत सरकार की ओर से खंडन आना ही था। भारत ने इस सूचकांक को नकारते हुए कहा है भुखमरी पैमाना के इस ढंग में प्रणालीगत खामियां हैं। यहां तक कि एक कदम आगे जाकर इसको वह हरकत ठहराया है, जिसमें 'बदनाम करने का इरादा' झलकता है।

यह सूचकांक वेल्ट हंगर हाइफे (डब्ल्यूएचएच) और कंसर्न वर्ल्डवाईड नामक दो नामचीन संस्थानों द्वारा बनाया जाता है। यह भांपते हुए पिछले सूचकांकों की भांति भारत इस बार भी आकलन पर एतराज करेगा, दोनों संस्थाओं ने भारत सरकार से बात करने के बाद और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों द्वारा उपलब्ध डाटा को शामिल करते हुए यह सूचकांक जारी किया है।

असल में, यह सूचकांक समूची वैश्विक व्यवस्था के लिए बुरी खबर बता रहा है। वैश्विक भुखमरी का आंकड़ा बहुत ऊंचे स्तर पर बना हुआ है और इसको नीचे लाने पर प्रगति पिछले सालों में ठहरी-सी है। वर्ष 2008 और 2015 के आंकड़ों में उभार (जो कि वास्तव में स्थिति और बिगड़ने का द्योतक है) अपने से पिछले साल के मुकाबले चार बिंदु अधिक रहा, वहीं 2023 का नवीनतम आंकड़ा 2015 से एक बिंदु कम है। साथ ही, कुपोषण की रेखा भी असल में ऊपर उठी है।वैश्विक और राष्ट्रीय सूचकांक की गणना करने में चार संकेतक इस्तेमाल किए जाते हैंङ्क कुपोषण (नाकाफी कैलोरी ग्राह्यता), लंबाई में आशातीत वृद्धि न होना (उम्र के अनुसार कम लंबाई), कम भार (लंबाई के मुताबिक कम भार) और शिशु-मृत्यु दर (पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौत)। वर्तमान लेखा-जोखा बताता है कि वर्ष 2030 तक विकास ध्येय पाने की पूर्ति में उपरोक्त चारों संकेतक आशान्वित नहीं करते। 2030 तक शून्य भुखमरी ध्येय पाने की दिशा में, 58 राष्ट्र यानी कि नवीनतम सूची में शामिल लगभग आधे देश, शून्य का आंकड़ा पाना तो दूर की बात है, न्यूनतम-भुखमरी स्तर की प्राप्ति भी नहीं कर पाएंगे।वर्ष 2015 से 2023 के बीच बनी इस अधोगति का अध्ययन दो कारण बताता है। पहले कोविड-19 महामारी का आना और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध, जिससे खाद्य कीमतों में बहुत ऊंचा उछाल आया। कुछ गरीब मुल्कों में तो लोग एक वक्त के भोजन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। छोटे स्तर में ही सही, गैर-बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाकर भारत ने भी अंतर्राष्ट्रीय खाद्य तंगी और उच्च मूल्य बनाने में भूमिका निभाई है क्योंकि सबसे बड़े चावल निर्यातकों में भारत एक है।

चिंताजनक यह है कि वैश्विक खाद्य स्थिति में सुधार होने की संभावना नहीं दिख रही। अतिशयी मौसमीय मार (जो कि पर्यावरणीय बदलावों का नतीजा है) लगातार बढ़ने लगी है और जिससे बनी बाढ़ या सूखे खाद्यान्न उत्पादन पर असर डालते हैं। इसके साथ ही, यदि इस्राइल-हमास लड़ाई में आसपास के मुल्क भी कूद पड़े तो इससे खाद्यान्न आपूर्ति में आगे अनिश्चितता बनेगी और कीमतें और ऊपर उठेंगी। सूचकांक में प्रयुक्त हुए चार संकेतकों में तीन में भारत और पड़ोसी देश सबसे खराब श्रेणी में नहीं आते अर्थात् उम्र-बनाम-लंबाई, कुपोषण और शिशु-मृत्यु दर में। लेकिन भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश लंबाई-बनाम-भार श्रेणी में सबसे अधिक प्रभावित वर्ग में है। इन तीनों में, भारत का आंकड़ा सबसे अधिक 18.7 फीसदी होने के कारण स्थिति सबसे खराब है, तो श्रीलंका (13.1 प्रतिशत) और बांग्लादेश 11 फीसदी स्कोर के साथ सबसे ऊपर है। यह दृश्यावली उस बृहद हकीकत से भी बंधी है, जिसमें बांग्लादेश कहीं ज्यादा गरीब होने के बावजूद मानव विकास संकेतकों में भारत से ऊपर स्थान पर है।सूचकांक रिपोर्ट में नीतियों में सुधार के वास्ते कई सिफारिशें सुझायी गई हैं। कहा गया है कि खाद्य व्यवस्था में बदलाव करने में 'भोजन का अधिकार' को प्रक्रिया का आधार बनाया जाए। इस खाद्य व्यवस्था की रूपांतरण प्रक्रिया में युवाओं की क्षमताओं पर निवेश किया जाए। सततापूर्ण, न्यायसंगत और लचीली खाद्य व्यवस्था में निवेश करके सुनिश्चित किया जाए कि वे युवा जनसंख्या को व्यवहार्य और आकर्षक कमाई करने का मौका मिल पाए। भारत सरकार के लिए इसका मतलब है, 'भोजन का अधिकार' बनाना, जो भले ही संविधान में लिखित रूप में न हो परंतु 'शिक्षा का अधिकार' की भांति सबकी एक वास्तविक जरूरत है। जिस तरह 'शिक्षा का अधिकार' कार्यक्रम पर क्रियान्वयन हुआ है, लगता है चाहे 'अधिकार' शब्द से यह जरूरत कानूनन रूप से पाने की राह खुलती हो, पर जब तक इस पर अमल अर्थपूर्ण न हो पाएगा तब तक यह न्यायसंगत नहीं बन पाएगी। इसके अतिरिक्त, कोई वजह नहीं कि अपने ज्यादा अनुभवों के साथ बड़े-बुजुर्ग खाद्य व्यवस्था में रूपांतरण के लिए बढ़िया योगदान न कर पाएं।वैश्विक भुखमरी सूचकांक पर भारत के एतराजों के पीछे कई कारण हैं। कुपोषण का डाटा, जो कि सूचकांक का मुख्य अवयव है, वह गैलप वर्ल्ड पोल की खोज पर आधारित है, जिसका सर्वेक्षण केवल 3000 लोगों पर आधारित है। इस रिपोर्ट में भारत में उम्र-बनाम-लंबाई और लंबाई-बनाम-भार में असमानता दर बहुत अधिक बताई गई है। यह डाटा राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वे (2019-21) से लिया गया है। भारत सरकार का एतराज यह भी है कि सूचकांक बनाते वक्त वास्तविक समय आधारित 'पोषण ट्रैकर' डाटा को गिना जाना चाहिए था। भारत सरकार विश्व स्वास्थ्य संगठन के बहु-केंद्रीय विकास संदर्भ अध्ययन का डाटा इस्तेमाल करने पर भी सवाल उठाती है, जिसने उम्र-बनाम-लंबाई और लंबाई-बनाम-भार का जमीनी सर्वे भारत में 1997-2003 में किया था, जो कि अब पुराना पड़ चुका है। एक एतराज यह भी है कि अध्ययन में दक्षिण भारत के अमीर बच्चों का ही डाटा लिया गया है जो कि पूरे देश के बच्चों की स्थिति का वास्तविक प्रतिनिधित्व नहीं करते।बेशक वैश्विक सूचकांक को खारिज करना आसान है लेकिन भारत के लिए आगे की राह है क्या? वर्तमान में काफी सब्सिडी देकर सस्ती दर पर खाद्य उपलब्धतता नीति, सबको स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित ध्येय, और खुले में शौच रोककर स्वच्छता बनाने के कार्यक्रम जारी हैं। शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में इनकी भी भूमिका है। साथ ही, ग्रामीण जनसंख्या को भुखमरी से बचाने के मकसद से चलाई जा रही राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम को विस्तार देकर, इसमें सकल ग्रामीण गरीबों को भी शामिल करना चाहिए।अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, अनेक राज्य सरकारें 'मुफ्त की रेवड़ियां' देने का वादा कर रही हैं, जिसको वित्तीय रूप से गैर-जिम्मेवाराना ठहराकर समीक्षक आलोचना किया करते हैं, लेकिन गरीबी और भुखमरी को दूर रखने में इनकी भी भूमिका है।

# आज भी परमात्मा की तपस्या में लीन हैं नर और नारायण

हिंदू धर्म में जगत के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु ने धर्म की रक्षा और अधर्म के नाश के लिए कई बार धरती पर अवतार लिया है। भगवान विष्णु के 24 अवतारों में चौथा अवतार नर और नारायण का था। मान्यता के मुताबिक भगवान विष्णु ने सृष्टि के आरंभ में धर्म की स्थापना के लिए दो रूपों में अवतार लिया। इस अवतार में श्रीहरि अपने मस्तक पर जटा धारण किए हुए थे। उनके हाथों में हंस, चरणों में चक्र और वक्षस्थल में श्रीवत्स के चिन्ह थे। श्रीहरि का पूरा वेष तपस्वियों के समान था। धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक श्रीहरि विष्णु ने नर-नारायण के रूप में यह अवतार लिया था।धर्म शास्त्रों के मुताबिक भगवान नर और नारायण ब्रह्मदेव के प्रपौत्र थे। नर और नारायण ब्रह्माजी के बेटे धर्म और पुत्रबधु रुचि की संतान थे। पृथ्वी पर धर्म के प्रसार का सारा श्रेय इन्हीं को जाता है। कहा जाता है कि नर और नारायण द्वापर युग में धर्म की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के रूप में जन्मे थे। इसके अलावा स्वर्ग की सबसे सुंदर अप्सरा उर्वशी को भगवान नर-नारायण ने ही अपनी जांघ से जन्म दिया था। हांलाकि आज भी लोग नर और नारायण के बारे में ज्यादा नहीं जानते हैं। ऐसे में हम आज आपको नर और नारायण के बारे में बताने जा रहे हैं।

**नर और नारायण का जन्म**

ब्रह्मा जी के मानस पुत्र धर्म की पत्नी रूचि के गर्भ से श्रीहरि विष्णु ने नर और नारायण नामक दो तपस्वियों के रूप में जन्म लिया। भगवान विष्णु के इस अवतार का कारण धरती पर सुख-शांति और धर्म का प्रचार प्रसार करना था।

**तपस्या का पथ**

जन्म के साथ ही नर और नारायण का साधना, भक्ति और धर्म में ध्यान बढ़ता गया। बात में वह अपनी माता से आज्ञा लेकर उत्तराखंड में पवित्र स्थली बदरीवन और केदारवन में तपस्या के लिए चले गए। आज वर्तमान समय में उसी बदरीवन को बद्रीकाश्रम और बद्रीनाथ धाम के नाम से जाना जाता है। भगवान श्रीहरि विष्णु ने धर्म की महिमा को बढ़ाने के लिए धरती पर तमाम लीलाएं की हैं। इन्हीं में से एक लीला नर और नारायण के रूप में की। इस अवतार में वह तपस्या, ध्यान और साधना के मार्ग पर चलकर ईश्वर के करीब जाने के बात को जीवंत कर गए।





**केदारनाथ और बद्रीनाथ**

मान्यता के अनुसार, करीब 8 हजार ईसा पूर्व नर और नारायण ने कई हजार साल तपस्या कर भगवान शिव को प्रसन्न किया। भगवान शिव ने तपस्या से प्रसन्न होकर दोनों को दर्शन दिया और वरदाम मांगने के लिए कहा। नर और नारायण ने भगवान शिव से अपने लिए कुछ नहीं मांगा। बल्कि उन्होंने भगवान शिव से प्रार्थना की भोलेनाथ पार्थिव शिवलिंग के रूप में उस स्थान पर हमेशा के लिए वास करें। जिस पर भगवान भोलेनाथ ने उनकी विनती स्वीकार कर ली। वर्तमान में हम केदारनाथ में जिस ज्योतिर्लिंग के दर्शन करते हैं। उसमें आज भी भगवान शिव का वास है।

केदारनाथ मंदिर का निर्माण द्वापर युग में पांडवों ने करवाया था। फिर बाद में आदि शंकराचार्य ने दोबारा इस मंदिर का निर्माण करवाया। वहीं राजा भोज ने मंदिर को भव्य आकार दिया। जिसके बाद दोनों भाइयों ने बदरीवन में जाकर भगवान श्रीहरि विष्णु के मंदिर बद्रीनाथ में प्रतिमा की स्थापना की।

**आज भी नर-नारायण कर रहे तपस्या**

देवभूमि उत्तराखंड के चार धाम यात्रा में बद्रीनाथ धाम अलकनंदा नदी के किनारे पर स्थित है। बता दें कि वर्तमान समय में भी इस स्थान पर नर और नारायण नामक दो पर्वत मौजूद हैं। मान्यता के मुताबिक वह आज भी परमात्मा की तपस्या में लीन हैं।वहीं द्वापर युग में श्रीहरि विष्णु ने श्री कृष्ण के रूप में तो वहीं नर के रूप में अर्जुन ने जन्म लिया था। भगवान श्री कृष्ण को पांडवों में सबसे प्रिय अर्जुन थे। द्वापर युग में नर के रूप में अर्जुन और भगवान श्री कृष्ण नारायण के अवतार थे। इसी कारण कृष्ण के परम सखा, शिष्य, भाई आदि अर्जुन ही थे।

# कैबिनेट मंत्री ने डांडिया कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार किया वितरित



कानपुर । उत्तर प्रदेश स्वर्णकार एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन द्वारा विशालडांडिया का प्रोग्राम किया गया जिसमें महिला पदाधिकारियों ने नृत्य और बच्चों ने नृत्य पेश किया इस प्रोग्राम में कपल द्वारा रैंप वॉक किया गया बच्चों ने सिंगिंग प्रतियोगिता में गाने भी प्रस्तुत किया संस्था के मुख्य अतिथि कैबिनेट मिनिस्टर राकेश सचान विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया और तरह-तरह के स्टालो पर स्वादिष्ट व्यंजनों का लोगों ने लुफ्त उठाया इस मौके में प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वर्मा प्रदेश महामंत्री पुष्पेंद्र जायसवाल प्रदेश वरिष्ठ मंत्री जितेंद्र वर्मा आनंद सिंह राकेश वर्मा राजेंद्र वर्मा अनीता सोनी कंचन वर्मा शिवनारायण कुशवाहा अनिता कुशवाहा जया गुप्ता एवं अन्य सभी मौजूद रहे ।

# भारत-कनाडा के रिश्तो में जारी तनाव के बीच समाधान की खिड़की खुली



गोंदिया। भारत में हमारे बड़े बुजुर्गों की कहावतें, महापुरुषों के दोहेऔर पीढ़ियों से सुनते आ रहे कथनों कि, पृथ्वी पर ऐसा कोई व्यक्ति या देश नहीं जिसके पास समस्या नहीं और पृथ्वी पर ऐसी कोई समस्या नहीं जिसका समाधान ना हो मंजिलें चाहे कितनी भी दूर ऊंची हो, कठिन हो, रास्ते हमेशा पैरों के नीचे से ही रहते हैं, सहित अनेको अनमोल कथन है जो हम पीढ़ियों से सुनते आ रहे हैं यदि हम उन पर अमल करें तो समस्याएं हमारे आगे नहीं आएगी यह गुण हर भारतीय केकण कण में समाया है, यही कारण है कि भारत ने कनाडा के साथ मचीतल्खी को दूर करने के लिए चार कदम आगे बढ़े हैं, जो चार कैटेगरी की वीजा सेवा पर लगी रोक हटाई है, जो 26 अक्टूबर 2023 से ज़ारी हो गई है। इसकी अधिकृत सूचना 25 अक्टूबर 2023 को देर रात्रि दी गई है आज इस कठिन दौर में जहां दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है यूक्रेन-रूस,हमासइजरायल युद्ध अपने चरम स्तर पर चल रहा है। हजारों निर्दोष लोगों की मौत हो चुकी है। अगर हम इस समस्या को भी थोड़ा तुम झुको थोड़ा हम झुके इस तर्ज पर अपना कर आगे बढ़े तो युद्ध को थामा जा सकता है। मेरा मानना है कि इस वैश्विक युद्ध और माहौल की सटीकता से भारत अमेरिका मिलकर ठीक कर सकते हैं अगर भारत और अमेरिका मिलकर एक वैश्विक शांति सम्मेलन बुलाने की तर्ज पर एक रूपरेखा बनाते हैं तो अमेरिका रूस इसराइल चीन इत्यादि देश को बातचीत के लिए शामिल कर कोशिश की जा सकती है जैसे भारत ने अभी कनाडा के साथतल्खी मिटाने के लिए चार कैटेगरी की वीजा पर रोक हटाई है, इसका इशारा भी हमारे विदेश मंत्री ने कौटिल्य इकोनामिक कॉनकेव में रविवार 22 अक्टूबर को ही दे दिया था जो आज हकीकत में बदला इसी तर्ज पर युद्ध ग्रस्त देशों को भी आगे पीछे कर समस्या का समाधान निकल जा सकता है, इसलिए आज हम मीडिय मैं उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल का माध्यम से चर्चा करेंगे कौटिल्य इकोनामिक कान के में भारतीय विदेश मंत्री का इशारा हकीकत में बदला, वीजा सेवा पर चार केटेगरी से रोक हटाना साराहनियां।

साथियों बात अगर हम दिनांक 26 अक्टूबर 2023 से कनाडा की चार कैटेगरी की वीजा पर रोक हटाने की करें तो, कनाडा के नागरिकों को भारत के लिए वीजा फिर से देना शुरू कर दिया गया है। फिलहाल कुछ खास कैटेगरी के तहत आवेदन करने वाले लोगों को ही भारत का वीजा दिया जाएगा। भारत ने कनाडा के साथ खालिस्तानी आतंकवाद पर राजनयिक संबंध खराब होने के बाद कनाडाई नागरिकों को अपने यहां का वीजा देना बंद कर दिया था, लेकिन बुधवार को कनाडा में भारतीय दूतावास ने वीजा सेवाएं फिर से शुरू करने की जानकारी सभी को दी. भारतीय दूतावास ने अपने नोटिफिकेशन में बताया कि फिलहाल एंट्री वीजा, बिजनेस वीजा, मेडिकल वीजा और कॉन्फ्रेंस वीजा कैटेगरी के तहत आवेदन करने वाले कनाडाई नागरिकों को ही वीजा दिया जाएगा। कनाडा की राजधानी ओटावा स्थित भारतीय दूतावास ने अपने नोटिफिकेशन में लिखा, कनाडा की तरफ से सुरक्षा को लेकर उठाए गए हालिया कदमों को ध्यान में रखकर स्थिति की समीक्षा के बाद वीजा सेवाओं को दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया गया है। कनाडाई नागरिक भारतीय वीजा के लिए गुरुवार 26 अक्टूबर से आवेदन करना शुरू कर पाएंगे। भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए नए वीजा जारी करना 21 सितंबर को बंद कर दिया था। यह कदम कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के अपनी संसद में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार का हाथ होने के आरोप लगाने के बाद उठाया गया था. ट्रूडो ने दावा किया था कि उनके देश के राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के पास इस बात पर यकीन करने के पुख्ता कारण हैं कि भारत सरकार के एजेंटों ने निज्जर की हत्या की है।कनाडा के इस दावे को भारत ने बेतुका और राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया था. इसके बाद से ही दोनों देशों के बीच रिश्ते बिगड़े हुए हैं।भारत ने अक्टूबर की शुरुआत में कनाडा के 41 राजनयिकों को उनके देश वापस भेज दिया था. यह कदम भारत और कनाडा के बीच राजनयिकों की संख्या का संतुलन बनाने के नाम पर उठाया गया था।साथियों बात अगर हम रविवार दिनांक 22 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली में आयोजित कौटल्य इकोनामिक कांनक्लेव में भारतीय विदेश मंत्री के संबोधन की की करें तो विदेश मंत्री के अनुसार, फिलहाल कनाडा में कई तरीकों से राजनयिकों की सुरक्षा को चुनौती दी गई है। हमारे लोग सुरक्षित नहीं हैं, हमारे राजनयिक सुरक्षित नहीं हैं। इसलिए अगर हम वहां प्रगति देखते हैं, तो वे चाहेंगे कि वीजा की सेवाएं फिर से शुरू करना बहुत पसंद है। मेरी आशा है कि यह कुछ ऐसा होगा जो बहुत जल्द होना चाहिए। उन्होंने भारत में कनाडा के राजनयिकों की मौजूदगी पर एक सवाल के जवाब में कहा कि एक देश में कितने राजनयिक हैं, दूसरे देश में कितने राजनयिक हैं, ऐसी तुलना का पूरा मुद्दा समता का है। विदेश मंत्री ने कहा, वियना कन्वेंशन में समता को लेकर बहुत अधिक प्रावधान किए गए हैं। इस पर प्रासंगिक अंतरराष्ट्रीय नियम हैं। लेकिन हमारे मामले में, हमने समानता का आह्वान किया क्योंकि हमें कनाडाई कर्मियों द्वारा हमारे मामलों में निरंतर हस्तक्षेप के बारे में चिंता थी। हमने उसमें से बहुत कुछ सार्वजनिक नहीं किया है। मेरा मानना है कि समय के साथ और भी चीजें सामने आएंगी और लोग समझेंगे। हमें कई राजनयिकों के साथ उस तरह की असुविधा क्यों हुई, जैसी हमने कार्रवाई की, लोगों को आने वाले दिनों में इसका जवाब मिलेगा।दिल्ली में आयोजित कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव में विदेश मंत्री ने कहा, अस्थिरता में दूसरा योगदान वैश्वीकृत दुनिया में हो रहे संघर्ष का है।

**किशन सनमुखदास भावनानी**

## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

-सम्पादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -:

मो.: 8423454502, 9335908846

email:bps.knp786@gmail.com

# शिरोमणि गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न से सम्मानित करें सरकार

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।आप और हम राष्ट्रीय भषटाचार अ्पराध मुक्त संगठन उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित शहीद पत्रकार शिरोमणि गणेश शंकर विद्यार्थी जी के जन्मदिन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश सचिव रमेश सिंहवानी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ग्रह मन्त्री अमित शाह, महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित अलग-अलग पत्र भेजकर शहीद पत्रकार शिरोमणि गणेश शंकर विद्यार्थी जी को भारत रत्न से सम्मानित करे केंद्र सरकार,की मांग की,इस सम्बन्ध में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार बी एस वेदी ने पिछले कई सालों से उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में लगातार मुख्यमंत्री व जिला अधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति व राज्य पालों के माध्यम से मांग पत्र सौंपकर लगा तार मांग की जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने घोषणा कि थी की उत्तर प्रदेश के पार्कों एयरपोर्ट सहित मार्गों का नामकरण देश को आजादी दिलाने वाले शहीद क्रांतिकारी के नाम पर किया जाएगा, परन्तु शासन ने व नगर निगम द्वारा किसी भी पार्क का नाम व पार्कों का सून्दरीकरण नहीं कराया संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार व केंद्र सरकारो से लगातार मांग पत्र सौंपकर की जा रही है,, प्रदेश सचिव रमेश सिंहवानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में हस्ताक्षर अभियान अलीगढ़ फिरोजाबाद एटा शाहजहांपुर सीतापुर लखीमपुर खीरी कानपुर उन्नाव लखनऊ मथुरा गाजियाबाद कासगंज हाथरस टुण्डला प्रयाग,कोशौम्भी, फतेहपुर में पोस्ट कार्ड अभियान चलाकर धरना प्रदर्शन कर जनमानस के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। परन्तु आज तक उत्तर प्रदेश सरकार का कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला, कानपुर नगर में पत्रकार शिरोमणि गणेश शंकर विद्यार्थी जी ,महात्मा गांधी ,चन्द्रशेखर आजाद, शहीद ए आजम भगत सिंह,सालिगराम शुक्ला, सुखदेव, राजगुरु रामप्रसाद बिस्मिल हेमू कालाणी, तात्या टोपे,वीर अब्दुल हमीद, शहीद मेजर सलमान खान,शहीद उद्यम सिंह,का लम्बा समय गुजरा था, उनका स्वाधीनता आंदोलन से लेकर देश को आजादी दिलाने तक में अहम भूमिका निभाई और क्रांतिकारीयो के साथ स्वाधीनता आंदोलन के लिए संघर्ष किया ऐसे महान क्रांतिकारी का कानपुर नगर से गहरा रिश्ता रहा है यह कानपुर नगर के लिए सौभाग्य कि बात है ऐसे में उनके नाम पर पार्कों व कानपुरएयरपोर्टका नाम शहीद पत्रकार शिरोमणि गणेश शंकर विद्यार्थी एयरपोर्ट सहित मार्गों व निर्माणधीन मेट्रो स्टेशन का नामकरण शहीद क्रांतिकारी के नाम पर रखने की मांग से जनपद वासियों व युवा पीढ़ी में नई उर्जा का संचार होगा और आज की युवा पीढ़ी उनके कातिकारी जीवन से प्रेरणा ले सके,इस पत्र की प्रति देश के प्रधानमंत्री, ग्रह मन्त्री, महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष, विधायको, सहित सांसदों, जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्यों, ब्लाक प्रमुखो प्रधानों, महापौर, पार्षदों, सहित नगर पालिका अध्यक्षो कानपुर प्रेस क्लब के चैयरमेन सरस बाजपेई व सम्मानित सदस्यों का समर्थन पत्र शासन को भेज कर मांग स्वीकृति कराएंगे,और महामहिम राज्यपाल से मुलाकात कर मांग स्वीकृति कराएंगे ।उनको सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब कानपुर नगर में निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन, पार्कों, मार्गों सहित मार्गों का नामकरण स्वतन्त्राता आन्दोलन के महानायक सैनानियों के नाम पर रखने पूर्व में बने पार्कों का सून्दरीकरण शीघ्र कराया जाए ।गोष्ठी में श्रदाजलि अर्पित करने वाले ?लोगो में सर्वश्री रमेश सिंहवानी, डॉ एस के पाण्डे, पूर्व पार्षद श्रीमती अनुराधा मिश्रा,अब्दुल कलाम, मनोज तिरवेदी, दिनेश त्रिपाठी अतीक हबीबुर्रहमान रिजवान अहमद फ़ैज़ मोहम्मद सिम्पल चौहान प्रतिभा गुप्ता सिमरजीत कोर सतीश रोचलानी,विमला चौहान शशि श्रीवास्तव रंजना सेंगर रुबी गुप्ता अशोक पाण्डे मुबीन, रज्जाक अहमद,ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पत्रकार शिरोमणि गणेश शंकर विद्यार्थी की मनाई जयंती

बीपीएस न्यूज



कानपुर। चंद्रशेखर आजाद जनकल्याण समिति द्वारा पत्रकार शिरोमणि अमर शहीद गणेश शंकर विधार्थी की पावन जयन्ती पर पुष्पांजलि समारोह प्रतिमा स्थल मेडिकल कालेज में सर्वेश कुमार पांडेय निन्नी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह की पूर्व शहीद गणेश शंकर विधार्थी जी की प्रतिमा की सफाई कर जल एवं दुग्ध से स्नान कराकर माल्यार्पण व धूप दान किया गया। कार्यकर्ताओं ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके मार्ग पर चलने की शपथ ली।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार पांडेय निन्नी ने कहाकि भारतियों में साहस एवं देशभक्ति भावना का संचार करने वाले विधार्थी हिन्दी पत्रकारिता की पितामह व जनक थे। वहीं वह राष्ट्रीय एकता और आपसी सौहार्द के सच्चे मसीहा थे। कौमी एकता और भाई चारे को बनाये रखने में उन्होंने अपनी शहादत तक दे दी थी। आज उनकी जयन्ती पर हम सभी को करुणा, मैत्री, भाईचारा और एकता के साथ रहकर देश से नफरत को मिटाना है। तभी शहीद विधार्थी जी को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि समारोह में प्रसिद्ध सेनानी तात्या टोपे के परप्रपौत्र विनायक टोपे एवं शहीद गणेश शंकर विधार्थी के प्रपौत्र आशीष विधार्थी का सम्मान किया गया। समारोह में प्रमुखरूप से राकेंद्र मोहन तिवारी, राजेंद्र श्रीवास्तव, सुरेश निगम चुन्न आदि थे।

## फांसी लगा दी जान

घाटमपुर। साढ़ के कांठीपुर गांव में युवक ने आम के पेड़ के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। ग्रामीणों ने युवक का शव पेड़ पर लटकता देखा तो पुलिस और परिजनो को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

# मुख्यमंत्री आगमन तैयारी का जायजा लेने पहुंचे सुबाई मंत्री

## आयोजित कार्यक्रम में बिना पास व पहचान नहीं होगी किसी की एंट्री



बीपीएस न्यूज

कानपुर ।सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ 28 अक्टूबर में राष्ट्रीय इंटर कॉलेज किदवई नगर सुप्रसिद्ध जेके मंदिर वासियो को करेंगे संबोधित,बिना पास व पहचान के किसी की भी एंट्री नहीं होगी, कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण।

इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल समेत समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कानपुर भ्रमण के दौरान रहेगी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था,

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस आयुक्त डॉ आर के स्वर्णकार संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी, स्वयं सभी कार्यक्रमों की सीधे मोनीटरिंग कर रहे हैं,तो वही भी वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था के मास्टरमाइंड वीआईपी नोडल ऑफिसर एडीसीपी लॉ एंड ऑर्डर राहुल मिठास, अपर पुलिस उपायुक्त प्रज्ञान राजेश श्रीवास्तव, व पुलिस उपायुक्त प्रमोद कुमार, एसीपी एल आई यू सूक्ष्म प्रकाश,एसीपी संतोष कुमार सिंह अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश देते नजर आए,प्रशासन भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा जिला अधिकारी विशाख जी, एडीएम सिटी समेत सभी आलाधिकारी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर बारीकी से रख रहे नजर,आपको बताते चलें कानपुर बुंदेलखंड समेत आसपास के 13 जिलों में दलित गौरव सम्मान के लिए खाका खींचा गया है,योगी आदित्यनाथ नगर की 100 कूड़ा कलेक्शन करने वाली गाड़ियों को हरी झंडी भी दिखाएंगे ।

# नवाबगंज थाना प्रभारी रोहित तिवारी समेत 44 इंस्पेक्टर ट्रांसफर, डीजीपी मुख्यालय ने जारी किया है आदेश



कानपुर । कानपुर में लोकसभा चुनाव की सुगबुगाहट के बीच जिले में तीन साल पूरा कर चुके कानपुर कमिश्नरी के 44 इंस्पेक्टरों का डीजीपी मुख्यालय ने तबादला आदेश जारी कर दिया। आदेश में हाल ही में गांजा, चरस तस्कर को पकड़ने में अपने ही महकमे के एक अन्य इंस्पेक्टर से रार झेल रहे इंस्पेक्टर नवाबगंज रोहित तिवारी का प्रयागराज कमिश्नरी में ट्रांसफर कर दिया गया ।इसके अलावा इंस्पेक्टर बिधनू प्रद्मन सिंह, बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह, कलक्टरगंज प्रभारी सच्चिदानंद दिवाकर, बादशाहीनाका प्रभारी सुभाष चंद्र, रायपुरवा प्रभारी अंकिता वर्मा, नरवल प्रभारी जितेंद्र कनौजिया, चमनगंज प्रभारी नवाब अहमद, किदवईनगर प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह, कोहना थाना प्रभारी सुखवीर सिंह और गोविंदनगर थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार दुबे समेत 44 इंस्पेक्टरों का भी गैरजनपद ट्रांसफर हुआ है।

# सुरेश गुप्ता बने मजदूर सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष कार्यकर्ताओं ने जताया हर्ष

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी मजदूर सभा प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक द्वारा वरिष्ठ सपा नेता सुरेश गुप्ता को मजदूर सभा का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीति किया गया। सुरेश गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष छात्र सभा डा0इमरान, अरविन्द यादव व नितिन गुप्ता के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें दिल से धन्यवाद दिया। सुरेश गुप्ता कानपुर नगर में जनता दल के नगर मन्त्री रहे,समाजवादी पार्टी के महामंत्री रहे ,मजदूर सभा के नगर अध्यक्ष रहे,1980 कानपुर दैनिक मजदूर समिति का गठन किया और तब से लगातार समाजवादी पार्टी एवं मजदूरों के बीच में संघर्ष कर रहे हैं। उनके मनोनयन पर जिलाध्यक्ष मुनीन्द्र शुक्ला, जितेन्द्र कटियार,नरेन्द्र यादव,नितिन गुप्ता, अरविन्द यादव, इम्तियाज रसूल कुरैसी, कर्मवीर यादव,मो.मुर्तजा, जीतू केसरवानी, पप्पन शर्मा, हरिश्चंद्र जैसवाल,राजेश गुप्ता ,राजू अवस्थी आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।



# सपा विधायक की हुई कोर्ट में पेशी

बीपीएस न्यूज



कानपुर। सपा विधायक इरफान सोलंकी को आज कड़ी सुरक्षा में महराजगंज जेल से लाकर एमपी एमएलए निचली कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के अंदर दाखिल होने से पहले इरफान ने हंसते हुए कहा कि मेरे साथ फैसला नहीं, इंसाफ होगा। इरफान को आज दो मामलों में कोर्ट में पेशी किया जाना है ।आगजनी मामले में सेशन कोर्ट में आज अभियोजन की तरफ से बहस की गई। इसमें विधायक के बयान भी आज दर्ज हुऐं। कोविड काल वर्ष-2022 के दौरान चमनगंज थाने में दर्ज सरकारी कार्य में बाधा व आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में इरफान पर पहले ही तय किए जा चुके हैं। बता दे कि इरफान के खिलाफ आगजनी से संबंधित मुकदमे में सभी गवाहों की गवाही पूरी हो चुकी है। इसी बीच रिजवान की ओर से हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई थी, जो अभी लंबित है। फैसला आने तक बचाव पक्ष सुनवाई टालने की कोशिश में लगा था, लेकिन पिछले दिनों कोर्ट ने सफाई साक्ष्य का अवसर खत्म करके अभियोजन को बहस शुरू करने के निर्देश दे दिए थे ।इसके बाद एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने कोर्ट में बहस शुरू कर दी थी। दो दिन चली बहस में नौ गवाहों के बयान पढ़कर सुनाए जा चुके हैं। अभियोजन की बहस अपने अंतिम दौर में है। मामले में रिजवान सोलंकी, शौकत अली, मोहम्मद शरीफ व इसराइल आटे वाला भी आरोपी हैं।

# तीन सराफा कारोबारी के प्रतिष्ठानों पर आयकर सर्वे की कार्रवाई, बड़े पैमाने पर दस्तावेज जब्त

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर में गुरुवार को तीन सराफा के प्रतिष्ठानों पर आयकर टीम ने पहुंचकर सर्वे किया। इनमें चौक स्थित हजारीलाल, नयागंज के पंकज चैन एंड ज्वैलर्स और गोविंदनगर विद्यार्थी मार्केट स्थित रतन ज्वैलर्स शामिल हैं। इन प्रतिष्ठानों पर दोपहर में एक साथ कार्रवाई की गई। तीनों प्रतिष्ठान का कम आयकर जमा होने के बाद कार्रवाई हुई है। बड़े पैमाने पर दस्तावेज जब्त किए गए। आयकर अफसर देर शाम तक जांच-पड़ताल करते रहे।




## सोशल मीडिया पर एसीपी चकेरी पर आरोप

कानपुर । एसीपी चकेरी ने कहा कि ये पोस्ट पूरी तरह से आधारहीन और असत्य है। इस पोस्ट से उनकी छवि को आम जनमानस के बीच में खराब करने का प्रयास किया जा रहा है ।कानपुर के चकेरी में एक युवक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पहले ट्विटर) अकाउंट से पोस्ट कर एसीपी चकेरी पर चौकी प्रभारियों से घरेलू काम कराने समेत अन्य तरीकों से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। पोस्ट वायरल हुआ तो एसीपी चकेरी ने एकाउंट होल्डर पर मामला दर्ज कराया है ।चकेरी एसीपी अमरनाथ यादव के अनुसार कुछ दिनों पहले विवेक अग्निहोत्री नाम के एकाउंट से विवादित पोस्ट डाली गई थी। आरोप था कि एसीपी से चौकी इंचार्ज परेशान हैं। एसीपी को निजी कार्य के लिए प्राइवेट गाड़ी उपलब्ध करवानी पड़ती है। इसके अलावा कुछ चौकी इंचार्ज तो दाल, आटा, मसाला तक पहुंचाते हैं ।इस पोस्ट पर एक व्यक्ति द्वारा एसीपी का नाम पूछा गया, तो विवेक ने चकेरी लिख दिया। एसीपी चकेरी ने कहा कि ये पोस्ट पूरी तरह से आधारहीन और असत्य है। इस पोस्ट से उनकी छवि को आम जनमानस के बीच में खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। इस पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

# मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन अमृत कलश यात्रा में गूंजे देशभक्ति के नारे

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की अटल इकाई द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। अमृत कलश यात्रा में विवि के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। कलश यात्रा का प्रारंभ विवि के प्रतिकुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी द्वारा कलश में मिट्टी डालकर वीरों का वंदन करने के साथ हुआ। सभी छात्र छात्राओं ने भी घर से लाये हुए मिटटी और चावल को कलश में डालकर मातृभूमि तथा देश के लिए बलिदान हुए सैनिकों को नमन किया। छात्र छात्राओं के मेरे देश की माटी है अनमोल, देश प्रेम का यही है मोल जैसे नारों से पूरा परिसर गुंजायमान था । कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा की देश की माटी से अधिक मूल्यवान कुछ भी नहीं है। भारत वह देश है जहाँ के निवासियों ने अपनी संस्कृति और स्वाधीनता के लिए बड़ी-बड़ी कुर्बानियां दी हैं। इस अवसर पर डॉ0 मानस उपाध्याय, डॉ. प्रशांत, डॉ. अभिषेक मिश्र, डॉ. एस.पी.वर्मा, डॉ. उर्वशी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के जाह्नवी वर्मा, अंश गुप्ता, शिवम तिवारी समेत बहुत से स्वयंसेवक उपस्थित थे ।

# नहीं जा सकी 75 वर्षीय दूल्हे की बरात, ऐन वक्त पर दुल्हन पक्ष ने किया इनकार,



बीपीएस न्यूज

बांदा । बांदा जिले में नरैनी कोतवाली क्षेत्र के रिसौरा गांव में वृद्ध दूल्हे की निकासी के बाद बरात दुल्हन के दरवाजे नहीं पहुंच सकी। ऐन वक्त पर दुल्हन पक्ष ने बरात लाने से मना कर दिया। यह घटना सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही है। रिसौरा गांव में वृद्ध दूल्हे के साथ अजीबोगरीब घटना घटी।

गांव का रहने वाला 75 वर्षीय रामसजीवन नाई जो पहले से ही विवाहित था। उसके दो पुत्र रमेश नाई (40), छोटा (35) दोनों पुत्र विवाहित हैं। इनके अलावा दो पुत्रियां थीं। उनकी शादी रामसजीवन कर चुका है। रामसजीवन की पत्नी की बीते एक दशक पहले मौत चुकी है ।मजाक में गांव के कोटेदार श्याम चौबे ने रामसजीवन को दोबारा शादी करवाने के लिए राजी कर लिया। बीते दिनों रामसजीवन के घर में इसी के बच्चों और रिश्तेदारों के द्वारा सभी रस्में पूरी करवाई गईं। इसके बाद शनिवार की शाम धूमधाम से गांव में घोड़ों-बाजों के साथ निकासी कराई गई। दुल्हन सहित उसके परिजन शादी से इनकार कर रहे हैंनिकासी के बाद दूल्हा सभी बरातियों को साथ लेकर वर पक्ष के गांव महोबा जनपद स्थित ग्योढ़ी गांव के लिए रवाना होने लगे। तभी गांव के बाहर सभी लोगों को एकत्र कर मध्यस्थ श्याम चौबे और उसके पुत्र अवध बिहारी चौबे ने बताया कि दुल्हन सहित उसके परिजन अभी शादी से इनकार कर रहे हैं। इसलिए बरात नहीं जाएगी। काफी देर तक हो हल्ला मचा रहा। दूल्हे को वाहन से उतार कर उसके घर भेज दिया गया।

# साढ़ में अश्लील डांस का वीडियो वायरल, युवकों की तलाश में जुटी पुलिस



## अश्लील डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

**गुरुवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर डांस करने का अश्लील वीडियो तेजी से वायरल हो रहा हैं। वायरल वीडियो में एक दर्जन युवक दो डांसरो के साथ नाचते हुए दिखाई दे रहे है। युवक डांसर के साथ कमर और कंधे में हाथ डालकर अश्लीलता पूर्वक डांस करते दिखाई दे रहे है। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर पुलिस वीडियो की जांच कर रही है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल वीडियो पर लोग तरह तरह के कमेंट्स कर रहे है।**

बीपीएस न्यूज

कानपुर। साढ़ में दशहरा के पर्व पर अश्लील डांस कराने का विरोध करने पर आयोजकों ने युवक को जमकर पीटा और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। युवक ने डायल 112 पर पुलिस को घटना की सूचना दी। जब तक पुलिस पहुंची तो आरोपी भाग निकले। पुलिस ने डांस बंद करवाकर वापस लौट गई। गुरुवार को थाने पहुंचकर युवक ने मामले में तहरीर दी है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है ।साढ़ थाना क्षेत्र के अरंजहामी निवासी सोनू ने गुरुवार दोपहर साढ़ थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया की उन्होंने सार्वजनिक रूप से दुर्गा माता की प्रतिमा रख्खी थी। जिसे धूमधाम के साथ क्रातिम तालाब में विसर्जन किया था, दशहरा के दिन रात में गांव के रहने वाले मोहित, प्रमोद, दिनेश के द्वारा कानपुर से डांसर को बुलाकर अश्लील डांस कराने लगे, जिसका विरोध उन्होंने किया तो उक्त तीनों लोगों ने एकसाथ मिलकर उनके साथ जमकर मारपीट की। जिसके बाद उन्होंने डायल 112 पर फोनकर पुलिस को उनके साथ हुई मारपीट की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डांस बंद करवाने के साथ वापस लौट गई थी। युवक ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। साढ़ थाना प्रभारी सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि दोनो पक्षों की से तहरीर मिली है, बिना परमिशन के बार बालाओं का डांस कराया गया है। मुकदमा दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

# युवक से मोबाइल लूट, पुलिस बोली- तहरीर न दो नया मोबाइल ले लो

कानपुर । थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने मोबाइल दिलाने की बात से इन्कार करते हुए मोबाइल खोने की रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही है।

कानपुर में बारादेवी मेला देखने जा रहे रेलबाजार निवासी चालक विजय गुप्ता से बाइक सवार बदमाशों ने किदवईनगर मार्बल मार्केट रोड पर मोबाइल लूट लिया। विजय ने बताया कि वह मंगलवार को परिवार के साथ बारादेवी मेले में जा रहे थे तभी घटना हुई।

आरोप है कि जूही पुलिस ने लूट की जगह मोबाइल गिरने की तहरीर मांगी। जब पुलिस की बात नहीं मानी तो दूसरा मोबाइल दिलाने का वादा किया। सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने पीड़ित को दूसरा मोबाइल दिला दिया है। हालांकि, थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने मोबाइल दिलाने की बात से इन्कार करते हुए मोबाइल खोने की रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही है।

# कृषि विज्ञान केन्द्रों की दो दिवसीय मध्यावधि समीक्षा कार्यशाला

कानपुर । भाकृअनुप-अटारी, जोन-3 कानपुर, उत्तर प्रदेश के पूर्वी मैदानी कृषि जलवायु क्षेत्र के 25 कृषि विज्ञान केन्द्रों की दो दिवसीय मध्यावधि समीक्षा कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। भाकृअनुप-अटारी कानपुर के प्रभारी निदेशक डा. एस के सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला का आयोजन उ.प्र. के कृषि विज्ञान केन्द्रों की वर्ष 2024 की कार्ययोजना की समीक्षा करने हेतु किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में प्रभारी निदेशक अटारी डा. एस के सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया एवं साथ ही कार्यशाला के उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का कार्य योजना (एक्शन प्लान) प्रमुख फोकस है तथा इस समय तक कृषि विज्ञान केन्द्रों के द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा भी की जा रही है। प्रभारी निदेशक अटारी कानपुर ने बताया की सभी कृषि विज्ञान केन्द्र कृषि के समस्त क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं । प्रत्येक केवीके चयनित गाँवों में समस्या का आधार में रखते हुए तकनीक का चयन एवं प्रदर्शन करें ।डा. एस.के. सिंह ने इस अवसर पर बताया कि प्रत्येक केवीके पर विभिन्न विषयों के विषयवस्तु विशेक्षज्ञों (एसएमएस) का दायित्व है कि कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यक्षेत्र में किसानों को जो भी समस्यायें आती हैं उनका निराकरण करके किसानों के साथ कार्य करें ।डा. आर. के. यादव निदेशक प्रसार चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि विज्ञान केन्द्रों के 'विज़न' की गहन जानकारी दी। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि जो भी तकनीकी किसानों के खेत तक जाये उसमें आने वाली समस्या का निरीक्षण एवं अध्ययन करें जैसे खरपतवार प्रबंधन एवं उर्वरक प्रबंधन, कीड़ों की समस्या आदि।

# छात्र ने स्कूल में टीचर पर चलाई गोली, गले और हाथ में लगे छर्रे, छात्रा भी हुई घायल...मची अफरातफरी



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कानपुर के चौबेपुर में शुक्रवार सुबह एक छात्र ने स्कूल में टीचर पर गोली चला दी है। गोली लगने से टीचर और एक छात्रा घायल हो गई है। टीचर के गले और हाथ में छर्रे लगे हैं और छात्रा के पैर में गोली लगी है। स्कूल में गोली चलने से अफरातफरी मच गई है।मामला भजन लाल इंस्टीट्यूशन स्कूल का बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक छात्र ने देशी तमंचे से दो गोली चलाई है। पहली गोली मिस होने पर दोबारा फायर कर दिया।इसमें बिठूर निवासी टीचर विकास तिवारी और छात्रा आकांक्षा शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए। टीचर ने बताया कि छात्र अनिकेत यादव को परिसर में डांट दिया था और दोबारा गलती न करने की हिदायत दी। इसको लेकर छात्र आज अपने चचेरे भाई अंकित यादव के साथ पहुंचा था।

**पहला फायर मिस...तो दोबार झोंका**

दोनों चचेरे भाई अभिषेक यादव और अनिकेत यादव ग गेट पर ही पहले से खड़े थे। जैसे ही स्कूल पहुंचे थे, तो अनिकेत यादव ने फायर झोंक दिया। गोली गर्दन को छूते हुए निकल गई। वहीं दुसरा फायर किया, तो पीछे आ रही छात्रा के फायर लग गया। इससे दोनों लोग घायल हो गए।

**तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज**

पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि भजन लाल इंस्टीट्यूशन में आज सवेरे एक टीचर पर दो छात्रों ने फायर कर दिया। इसमें टीचर और उनके पीछे आ रही छात्रा घायल हो गए हैं। दोनों का उपचार चल रही है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि भजन लाल इंस्टीट्यूशन में आज सवेरे एक टीचर पर दो छात्रों ने फायर कर दिया। इसमें टीचर और उनके पीछे आ रही छात्रा घायल हो गए हैं। दोनों का उपचार चल रही है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरज़्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।**

# बड़े पीर साहब गौसे आज़म की याद में मरकजी जुलूस-ए-गौसिया का जुलूस

## • 50 से अधिक अन्जुमन शामिल



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शान्तिपूर्ण वातावरण में हजरत बड़े पीर साहब गौसे आज़म की याद में मरकजी जुलूस-ए-गौसिया अपनी प्राचीन सज-धज के साथ कर्नलगंज तिकुनिया पार्क से आल इण्डिया सुन्नी जमीयतुल उलमा के नेतृत्व तथा अंजुमन गौसिया के तत्वाधान में आरम्भ हुआ जिसमें 50 से अधिक अन्जुमन शामिल हुई। जुलूस के आगे पाइलट जीप पर अन्जुमन गौसिया के जनरल सेकेटरी नफीस नूरी, जुलूस का संचालन व शान्तिपूर्ण वातावरण बनाये रखने की अपील करते हुये चल रहे थे।

जुलूस की कयादत हजरत मुफ्ती मो0 इलियास खो नूरी मुफ्ती-ए-आज़म कानपुर व हजरत मौलाना मुश्ताक अहमद मुशाहिदी काजी-ए-शहर कानपुर एवं मौलाना मुर्तुजा शरीफी, कारी इकबाल बेग कादरी, मौलाना मो0 उमर, मुफ्ती शब्बीर अहमद रजबी, मौलाना इरशाद अहमद मिसबाही आदि ने की। तमाम अन्जुमने जीप व ट्राली पर लाउडस्पीकर लगा कर अपने अपने अंदाज में दरूद ओ सलाम पढ़ती हुई बड़े पीर साहब के दरबार में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये चल रही थी। वाह क्या मरतबा ऐ गौस है बाला तेरा, ऊंचे ऊंचो केसरों से कदम आला तेरा।जैसे नगमों की आवाज पूरे जुलूस में गूंज रही थी। रास्ते में जगह जगह लोगों ने शिविर लगा कर जुलूस स्वागत फूलों की पंखुड़ियों व इत्र पाशी से किया और जुलूस में शामिल अकीदतमंदों के लिये पूरे रास्ते शीरीनी का पानी, फल इत्यादि लंगर का इन्तेजाम रहा।कर्नलगंज नीली पोश रोड, कागजी मोहाल, बेकनगंज, चमनगंज, नई सड़क बेकनगंज रेडीमेड बाजार के लोगों ने बड़े पैमाने पर जुलूस का इस्तकबाल किया और लंगर तकसीम किया।खलील अहमद नूरी, रईस वारसी, इमरान बारसी अब्दुल रहमान वारसी, अब्दुल वहीद कादरी, डा0 गुस्तफा तारिक, मो0 मुशीर अनीस अहमद कादरी आदि जुलूस में नमन्त बनाये रखने में लगे रहे। मगरिब की नमाज के बाद अंजुमने गौसिया के दफ्तर पर सलातो सलाम के बाद जुलूस खत्म हुआ। अंजुमने गौसिया के महामंत्री नफीस अहमद नूरी ने जुलूस में शामिल अन्जुमनों व शहर इन्तेज़ामिया का शुक्रिया अदा किया।

# कृषि अनुसंधान परिषद के 34 वें स्थापना दिवस पर केवीके हुआ सम्मानित

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दरियापुर रायबरेली को उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के 34 वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में उत्कृष्ट कृषि विज्ञान केंद्र सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा केंद्र के प्रभारी डॉक्टर आरपीएन सिंह को दिया गया। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा कृषि क्षेत्र में कृषिगत आयाम एवं मोटे अनाजों के व्यापक प्रचार प्रसार एवं उसके उत्कृष्ट कार्यों हेतु यह सम्मान दिया गया है। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने कहा कि इसी प्रकार से अन्य कृषि विज्ञान केंद्र भी प्रेरणा लें जिससे उन्हें भी विभिन्न स्तरों पर सम्मानित किया जाए। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने केंद्र के प्रभारी डॉक्टर आरपीएन सिंह सहित उनकी केंद्र की टीम को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख एवं अपर सचिव कृषि डॉक्टर देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# अंतर्राष्ट्रीय यूनिफॉर्म व गार्मेंट प्रदर्शनी 16 से 18 तक 7

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर । पंडित दीनदयाल हैंडीक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स में 16 से 18 दिसंबर के बीच एक प्रदर्शनी लगाई जायेगी यह बात पत्रकार वार्ता में बतायी गई इस प्रदर्शनी में 200 ब्रांड्स के 10,000 यूनिफॉर्म डिज़ाइन्स तो वहीं 20,000 से अधिक यूनिफॉर्म फ़ैब्रिक डिज़ाइन्स को प्रदर्शित करने की तैयारी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण से प्रेरित होकर इस बार वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन उन्हीं के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में किया जा रहा है सोलापुर गार्मेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन एसजीएमए ने यूनिफॉर्म इंडस्ट्री के विकास और सोलापुर को यूनिफॉर्म मैन्युफ़ैक्चरिंग का हब बनाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देखे गये सपने को साकार करने के मद्देनज़र अब उन्हीं के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक भव्य यूनिफॉर्म व गार्मेंट प्रदर्शनी के आयोजन का ऐलान किया है.उल्लेखनीय है कि इस भव्य प्रदर्शनी के माध्यम से एसजीएमए का उद्देश्य है कि इसमें 200 अग्रणी ब्रांड्स हिस्सा लें सकें. यहां पर लगभग 10,000 यूनिफॉर्म डिज़ाइन्स तो वहीं 20,000 से अधिक यूनिफॉर्म फ़ैब्रिक डिज़ाइन्स को प्रदर्शित किये जाने की तैयारी है,7वें यूनिफॉर्म व गार्मेंट प्रदर्शनी का आयोजन 16 से 18 दिसंबर के बीच उत्तर प्रदेश के काशी वाराणसी में श्री काशी वाराणसी दीनदयाल हैंडीक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स में किया जाएगा. उल्लेखनीय है कि यहां पर प्रदर्शनी के आयोजन की प्रेरणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल पुराने एक भाषण से मिली थी और ऐसे में अब उन्हीं के संसदीय क्षेत्र में इस अनूठी किस्म की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, सीजीएमए से संबंधित सतीश पवार को प्रदर्शनी का अध्यक्ष तो वहीं प्रकाश पवार को प्रदर्शनी का सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है ताकि प्रदर्शनी संबंधी कामकाज को दोनों बेहतर ढंग से निभा सकें। आयोजन समिति के सेक्रेटरी प्रकाश पवार बताते हैं कि साल 2020 में विश्व भर में यूनिफॉर्म का बाज़ार मूल्य 6.2 बिलियन डॉलर था जो साल 2021 में बढ़कर 8.4 बिलियन डॉलर हो गया था. साल 2030 में यूनिफॉर्म का ये कारोबार बढ़कर 30 बिलियन डॉलर तक हो जाने की संभावनाएं जताईं जा रही हैं. एसजीएमए द्वारा आयोजित किए जाने वाले सातवें यूनिफॉर्म व गार्मेंट प्रदर्शनी का आयोजन उत्तर प्रदेश के काशी वाराणसी में भव्य पैमाने पर किया जाएगा गौरतलब है कि यह यूनिफॉर्म प्रदर्शनी पहली बार देश के सबसे बड़े व टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिहाज़ से सबसे अधिक विकास की संभावना रखने वाले उत्तर प्रदेश में आयोजित की जा रही है. यहां पर एक ही छत के नीचे 200 से अधिक ब्रांड्स को प्रदर्शित किया जाएगा. यूनिफॉर्म बनाने में संलग्न लगभग अभी अग्रणी कंपनियां इस प्रदर्शनी का हिस्सा बनेंगी जिसमें मफ़तलाल, वालजी, ओमैक्स, संगम, स्पर्श जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों का शुमार है. इन कंपनियों के द्वारा 10,000 से अधिक डिज़ाइन किये गये यूनिफॉर्म को प्रदर्शित किया जाएगा. इसके अतिरिक्त 20,000 से अधिक डिज़ाइन वाले यूनिफॉर्म गार्मेंट भी यहां पर प्रदर्शित किये जाएंगे. इन सबके अलावा यहां पर? टाई, बेल्ट, स्कूली जूते, जुराबें, बैग, ब्लेज़र और कपड़ा तैयार करने वाली मशीनों से संबंधित उत्पादों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

# जरीब चौकी क्रॉसिंग होगी बंद, कालपी रोड पर बनेगा अंडरपास, 400 करोड़ से होगा निर्माण

## 175 करोड़ रुपये से बनेगा एलिवेटेड ट्रैक,400 करोड़ से बनेगा अंडरपास, प्रदेश सरकार उठाएगी खर्चा



कानपुर में अनवरगंज-मंधना रेल लाइन पर जरीब चौकी से आईआईटी तक 14 रेलवे क्रॉसिंगों पर एलिवेटेड ट्रैक बनाने के लिए अब जरीब चौकी रेलवे क्रॉसिंग को बंद करने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा क्रॉसिंग के ऊपर बनने वाले ओवरब्रिज का प्रस्ताव खारिज कर दिया गया है। इस ओवरब्रिज को जीटी रोड पर दोनों छोर पर उतरना था। हालांकि कालपी रोड से संगीत टॉकीज रोड तक अंडरपास बनाने का फैसला यथावत है।गुरुवार को लखनऊ के लोकभवन में सूबे के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस नए प्रस्ताव पर सहमति दी गई है। बैठक में परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर लू और लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान के साथ कानपुर के मंडलायुक्त अमित गुप्ता, डीएम विशाख जी. और गोरखपुर से पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी शिरीष चंद्र जुड़े थे।मुख्य सचिव ने कहा कि अंडरपास बनने से शहर के लोगों को लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से निजात मिलेगी। डीएम विशाख. जी ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के अनवरगंज से मंधना सेक्शन के बीच रेलवे ट्रैक कानपुर शहर को दो भागों में विभाजित करता है। ट्रैक के उत्तर की ओर कानपुर शहर का आबादी क्षेत्र है।एल-शिंग्स के नियमित रूप से बंद रहने से स्थानीय लोगों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों को समय पर दफ्तर और प्रतिष्ठानों तक पहुंचने में दिक्कत होती है। एम्बुलेंस और फायरब्रिगेड सेवाएं प्रभावित हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों को लंबे जाम का सामना करना पड़ रहा है। इससे व्यावसायिक गतिविधियों सहित शहर का विकास बाधित हो रहा है।अब मामूली संशोधन के साथ नीति आयोग जाएगी डीपीआर मुख्य सचिव के साथ हुई बैठक में रेलवे को जरीबचौकी क्रॉसिंग को बंद करने की अनुमति मिल गई। रेलवे ने पहले जो डीपीआर बनाई थी, उसमें मामूली संशोधन के साथ दोबारा नीति आयोग भेजी जाएगी। रेलवे बोर्ड के जरिये से 1175 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा।गुमटी नंबर पांच की क्रॉसिंग से जीटी रोड आने जाने वाले रास्ते पर एलिवेटेड ट्रैक की ऊंचाई चार मीटर हो जाएगी। पहले तीन मीटर की ऊंचाई पर ट्रैक बनना था। तीन मीटर की ऊंचाई से छोटे चौपहिया वाहन आ जा सकते थे लेकिन अब मिनी ट्रक भी गुमटी से जीटी रोड से आ जा सकेंगे।

# संस्कृत रामायण के रचयिता थे महर्षि बाल्मीक

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर । समाजवादी पार्टी मऊ के तत्वाधान में आज महर्षि बाल्मीकि जयंती के अवसर पर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय साथ नवीन मार्केट में विचार गोष्ठी हर्षो उल्लास के साथ मनाई गई विचार गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद शैलेंद्र यादव मिंटू सत्यनारायण गहरवार परमवीर सिंह गंभीर हाजी अयूब आलम सुनील यादव नंदलाल जायसवाल आदि ने सर्वप्रथम महर्षि वाल्मीकि चित्र पर माल्या अर्पण करके उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जन्म 1447 में राजापुर कस्बे वर्तमान में चित्रकूट जिला उत्तर प्रदेश शरद पूर्णिमा वाले दिन हुआ था महर्षि वाल्मीकि एक रत्नाकर नाम के डाकू थे लेकिन नारद मुनि के चंद शब्दों ने उनका पूरा जीवन बदल कर रख दिया ।

उन्होंने लूटपाट करना छोड़कर सत्कर्म का मार्ग अपनाया महर्षि वाल्मीकि संस्कृत में भगवान प्रभु श्री राम के जीवन पर आधारित रामायण की रचना की महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बताया कि शरद पूर्णिमा वाले दिन ही महर्षि वाल्मीकि का जन्म हुआ था इसीलिए इस दिन को वाल्मिक जयंती के रूप में मनाया जाता है महर्षि वाल्मीकि का पूरा जीवन पूरे कर्मों को त्याग कर अच्छे कर्मों और भक्त की राह पर चलने का मार्ग प्रशस्त करता है इसी महान संदेश को लोगों तक पहुंचाने के लिए बाल्मिक जयंती मनाई जाती है महर्षि वाल्मीकि को सनातन धर्म के सबसे श्रेष्ठ गुरुओं में से एक माना जाता है महर्षि वाल्मीकि संस्कृत रामायण के प्रसिद्ध रचयिता थे जो आदि कवि के रूप में प्रसिद्ध है महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण एक महान काव्य जो श्री राम के जीवन के माध्यम से हमें जीवन के सत्य कर्तव्य से परिचित करवाता है महर्षि वाल्मीकि ने अपने जीवन में 12 ग्रथों की रचना की उन्हें संस्कृत के विद्वान होने के साथ हिंदी भाषा के प्रसिद्ध और सर्वश्रेष्ठ कवियों में से एक माना जाता है तुलसीदास को महर्षि वाल्मीकि का अवतार माना जाता है देव ऋषि नारद मुनि वाल्मीकि जी के गुरु थे क्योंकि नारद जी के कहने पर ही वाल्मीकि जी ने लूटपाट का रास्ता छोड़कर धर्म का मार्ग अपनाया था महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने आगे बताया कि आज सपा के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बाल्मीकि के बताए रास्ते पर चलकर दलित समाज के उत्थान के लिए सपा शासन काल में अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं लागू कर दलित समाज को लाभ पहुंचाने कार्य किया था आज दलित समाज का भविष्य समाजवादी पार्टी में सुरक्षित है।

क्योंकि सपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है सपा ने हमेशा दलित शोषित पीड़ित की सुख-दुख में हमेशा कदम से कदम मिलाकर इस समाज का साथ दिया है गोष्ठी में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद महानगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू परमवीर सिंह गंभीर सुनील यादव हाजी अयूब नंदलाल जायसवाल आलम सुलेखा यादव कुलदीप यादव अनुराग मिश्रा शेषनाथ यादव दीपा यादव बलवंत सिंह आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

# विकास कार्यों की समीक्षा में मण्डलीय अधिकारियों ने किया प्रतिभाग

## पालतू पशुओं को खुला छोड़ने पर संरक्षक से जुर्माना वसूले जाने के दिए निर्देश

कानपुर। मण्डलायुक्त कानपुर मण्डल, कानपुर की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा में मण्डल के समस्त जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों, संयुक्त विकास आयुक्त, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या तथा सम्बन्धित समस्त मण्डलीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। योजनावार निम्नलिखित निर्देश दिए गए अधीक्षण अभियन्ता नलकूप यांत्रिक एवं विद्युत दोष से खराब 32 राजकीय नलकूपों को ठीक कराकर तत्काल आख्या उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी सभी मॉडल उचित दर दुकनों में कार्य प्रारम्भ कराए तथा माह नवम्बर के प्रथम सप्ताह तक कार्य पूर्ण कराएं।

जिलाधिकारी एवं अपर निदेशक पशुपालन निराश्रित गोवंश को संरक्षित कराएं। यह सुनिश्चित करें कि हाईवे पर किसी भी दशा में निराश्रित गोवंश नहीं पाया जाए। मिशन मिलियन सेक्सड कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के तहत अच्छी प्रगति सुनिश्चित की जाए। पालतू पशुओं को खुला छोड़ने पर संरक्षक से जुर्माना वसूला जाए। लम्पी स्किन डिसीज के अन्तर्गत शत-प्रतिशत दुधारु पशुओं का टीकाकरण कराए । जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विद्यालायों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के आस-पास किसी भी प्रकार का जल भराव एवं गन्दगी नहीं रहे। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालायों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थिति प्रत्येक दशा में 85 प्रतिशत तक सुनिश्चित किया जाए। सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 पर आवश्यक दवाइयों की कमी न हो, सेन्टर पर उपलब्ध दवाइयों की लिस्ट बनाकर चिकित्सक की टेबल पर रखा जाये। अनुपलब्ध दवाओं में से जो महत्वपूर्ण, अतिआवश्यक दवाएं कम सख्या में हो, तो उनके स्थान पर उसी कन्टेन्ट की सस्ती दवाओं की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर कराएं।संचारी रोगों के रोकथाम हेतु स्वास्थ्य, प्रशासन तथा पंचायत/नगर निकाय मिल कर काम करें।हर गांव में कराए गए कार्यों की डिजिटल वर्क डायरी तैयारी की जाए।जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन डाले जाने हेतु सड़कों को तत्काल मोटरेबल बना दिया जाए।

# स्वाट टीम ने टॉवर बैट्री चोरों के गिरोह को किया गिरफ्तार



कानपुर । पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त अपराध एंव अपर पुलिस उपायुक्त अपराध के निर्देशन व कुशल मार्ग दर्शन में अपराध शाखा की स्वाट टीम द्वारा कमिश्नरेट कानपुर नगर के भिन्न- भिन्न थाना क्षेत्रों घाटमपुर, सांढ, विधनू से सेल फोन टावरों पर प्रयुक्त होने वाली वैट्री व सैल की चोरी की रोकथाम हेतु अपराध शाखा की स्वाट टीम एंव थाना फजलगंज की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र फजलगंज के नसीमाबाद एंव थाना क्षेत्र कल्याणपुर की सीटीआई कॉलोनी से सरताज आदि 05 नफर को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में टावर सैल ट्रक की बैट्री एंव चोरी की गयी अन्य वस्तु एंव चोरी करने के लिये प्रयोग में लाये जा रहे औजार एंव अन्य उपकरण बरामद किये गये जिसके आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये थाना फजलगंज पर मु0अ0सं0 133/2023 धारा 41/411/413/414 आदवि बनाम सरताज आदि 05 फर पंजीकृत किया गया।

# पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर चोरी गए बुलेरो की सफल बरामदगी की

कानपुर। पुलिस आयुक्त कमिश्श्रेस्ट कानपुर नगर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) व अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) के निर्देशन में व सहायक पुलिस आयुक्त घाटमपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में 01 बुलेरो बिना नम्बर प्लेट जिसका चैसिस नम्बर MAIXAwGHK GzC59576 से ई-चालन एप पर चैक किया गया तो इंजन नम्बर त्ञ।।त्ञ4ष्56379 तथा (रजि) नम्बर क्ष्ञ्द्ध2574 रंग सिलेटी पाया गया जिसके कागजात के बारे में पूछा गया तो नहीं दिखा सके जिसके सम्बन्ध में गहनता से पूछताछ की गयी तो अभियुक्तगण रोहित सचान उर्फ विकाश पुत्र स्व0 किशन सचान निवासी नौबस्ता बम्बा नारायणपुरी बख्तौरीपुरवा सत्या हास्पिटल के पास थाना नौबस्ता जिला कानपुर नगर मूल निवासी ग्राम गिरसी थाना रेउना जिला कानपुर नगर उम्र करीब 25 वर्ष ट्रान्सू उर्फ प्रांसू पुत्र स्व0 रमाकान्त सचान निवासी विसनई कुंडे रामपुर थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर हाल निवासी सुनील यादव का मकान मोहल्ला नारायणपुरी बख्तौरीपुरवा थाना हनुमंत बिहार जनपद कानपुर नगर उम्र करीब 19 वर्ष अमन उर्फ छोटू सोनकर पुत्र हीरालाल निवासी 120 श्व नारायणपुरी थाना हनुमंत बिहार कानपुर नगर मूल निवासी ग्राम बरीमहतन थाना सजेती जिला कानपुर नगर उम्र करीब 18 वर्ष आशीष गुप्ता छोटू पुत्र राजू गुप्ता निवासी बख्तौरीपुरवा नारायणपुरी मकान नं0 64 थाना हनुमंत बिहार कानपुर नगर उम्र करीब 25 वर्ष द्वारा बताया गया कि यह बुलेरो फतेहपुर से हम लोगों ने चोरी की है। अभियुक्तगणों की जामातलाशी से रोहित सचान उर्फ विकाश उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमन्चा 315 बोर व 01 अदद कारतूस 315 बोर एवं अभियुक्त ट्रान्सू उर्फ प्रांन्सू उपरोक्त के कब्जे से 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुए हैं। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 37/2023 धारा 41 / 102 द0प्र0सं0 व 411 /414 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया उपरोक्त वाहन बुलेरो के सम्बन्ध में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि वाहन नीरज कुमार पुत्र कैलाश चन्द्र निवासी ग्राम लाला बक्सरा थाना बकेवर जनपद फतेहपुर की है जो उनके घर बाहर से 27 अक्टूबर को चोरी किया गया है ।

# बजरंगबली' को उड़ते देख दंग रह गए लोग, सड़क पर उमड़ी भीड़



इस पूरी सुष्टि के अंदर एक मात्र ऐसे नायक जिन्होंने कभी असफलता का मुंह ही नहीं देखा। कोई संकट इनको आगे बढ़ने से रोक नहीं सका। इसलिए इन्हें संकटमोचन कहते हैं। संकटमोचन हनुमान की शक्तियों से तो पूरी दुनिया भलि-भांति परिचित है।

पूज्य हिंदू देवता हनुमान (बजरंगबली) के वेश में एक ड्रोन का वीडियो ऑनलाइन सामने आया है और इसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। यह क्लिप भारत के छत्तीसगढ़ में फिल्माया गया है। लोगों द्वारा आकाश में ड्रोन छोड़ने का अद्भुत दृश्य दिखाया गया है, जिससे भगवान हनुमान की पौराणिक उड़ानों की याद ताजा हो जाती है।

वीडियो मूल रूप से इंस्टाग्राम पर विनाल गुप्ता द्वारा पोस्ट किया गया था, जो एक फोटोग्राफर हैं जो छत्तीसगढ़ के शहर अंबिकापुर की मनमोहक झलकियाँ साझा करने के लिए जाने जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह विस्मयकारी दृश्य अक्टूबर में आयोजित दशहरा समारोह के दौरान कैप्चर किया गया था। इसमें ड्रोन को दर्शाया गया है, जिसे हनुमान की दिव्य आकृति के अनुसार आकार दिया गया है, जो आकाश में खूबसूरती से उड़ रहा है जैसे कि नीचे के लोगों को आशीर्वाद दे रहा हो। हालाँकि, यह पहली बार नहीं है जब किसी ने प्रौद्योगिकी को विश्वास से भरने का विचार बनाया है। नौ साल पहले, एक और हनुमान ड्रोन का ऐसा ही अद्भुत नजारा लुधियाना के आसमान में भी दिखा था, जहां स्थानीय लोग भी इस अनोखी घटना से मंत्रमुग्ध थे।

# गाजा में 3,000 मासूम बच्चों की हत्या हुई, इंसानियत कब जागेगी:प्रियंका गांधी



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने गाजा में इजराइल की बमबारी में बच्चों समेत हजारों नागरिकों के मारे जाने पर दुख जताते हुए शुक्रवार को कहा कि हर अंतरराष्ट्रीय कानून कुचला गया है। उन्होंने यह सवाल भी किया कि आखिर इंसानियत कब जागेगी?प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, ''गाजा में 7,000 मनुष्यों की हत्या के बाद भी रक्तपात और हिंसा का दौर थमा नहीं। इन 7,000 लोगों में से 3,000 मासूम बच्चे थे।'' उन्होंने दावा किया, ''कोई ऐसा अंतरराष्ट्रीय कानून नहीं, जिसे कुचला न गया हो। कोई ऐसी मर्यादा नहीं, जिसे तार-तार न किया गया हो। कोई ऐसा कायदा नहीं, जिसकी धज्जियां न उड़ी हों।''

उन्होंने सवाल किया, ''इंसानियत कब जागेगी? कितनी जानों के जाने के बाद। कितने बच्चों की बलि के बाद। क्या मनुष्य होने की चेतना बची है? क्या वह कभी थी भी?''गाजा पट्टी पर पिछले कई दिनों से इजराइल की ओर से किए जा रहे हवाई हमलों में हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। फलस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास के हमले में अपने सैकड़ों नागरिकों के मारे जाने के बाद इजराइल ने गाजा पट्टी पर हवाई हमले शुरू किए।

# असमय मृत्यु के बाद आत्मा को नहीं मिलता स्वर्ग-नरक, बल्कि उनके साथ होता है ऐसा!



कहते हैं कि व्यक्ति का आने-जाने का समय निश्चित है. न व्यक्ति का जन्म अपने हाथ में है और न ही मरण. इस संसार में जो आया है वे जाएगा. भी. ये एक अटल सत्य है, जिसे बदला नहीं जा सकता. कहते हैं कि मृत्यु एक ऐसी स्थिति है, जिससे कोई भी प्राण नहीं बच पाया. धार्मिक ग्रंथ गरुड़ पुराण में भी मृत्यु के बाद आत्मा के सफर के बारे में बताया गया है. जिस तरह व्यक्ति के जीवन जीने के कई तरीके हैं, ठीक उसी प्रकार मृत्यु के भी कई तरीकों के बारे में गरुण पुराण में जिक्र किया गया है.

धार्मिक ग्रंथ के अनुसार हर व्यक्ति की मृत्यु एक जैसी नहीं होती. कोई जीवन के सभी सुख भोगकर मृत्यु को जाता है, तो कुछ लोगों की मौत असमय आ जाती है. वहीं कुछ लोग गंभीर बीमारी से पीड़ित होकर गुजरते हैं, तो कुछ आत्महत्या कर मृत्यु को गले लगा लेते हैं. हर आत्मा को मृत्यु के बाद स्वर्ग या नरक मिले, ये भी जरूरी नहीं होता. गुरुड़ पुराण में भगवान विष्णु द्वारा जन्म और मृत्यु के अलावा मृत्यु के बाद ही स्थितियों के बारे में भी विस्तार से बताया गया है. भगवान विष्णु ने गरुड़ पुराण में मृत्यु के कई गूढ़ रहस्यों के बारे में बताया है. इसमें इस बात का भी जिक्र किया गया है, जिन लोगों की अकाल मृत्यु या असमय मृत्यु हो जाती है उसके आत्मों के साथ क्या होता है. कैसे लोगों की अकाल मृत्यु हो जाती है और आत्माओं के साथ कैसा होता है जानें.

क्या होती है अकाल मृत्यु?

धार्मिक ग्रंथ गरुड़ पुराण के अनुसार जो लोग भूख से पीड़ित होकर, हत्या किए जाने पर, फांसी लगाकर, जहर खाकर, आग से जलकर, पानी में डूबकर, किसी दुर्घटना में, सांप के काटने, आत्महत्या या फिर किसी गंभीर बीमारी से मृत्यु को प्राप्त होते हैं. उन्हें अकाल मृत्यु की श्रेणी में रखा जाता है. बता दें कि इन सभी मृत्यु के कारणों में आत्महत्या को महापाप माना गया है. मनुष्य का जन्म भगवान द्वारा किया गया है, ऐसे में अगर व्यक्ति आत्महत्या करता है, तो इसे भगवान का अपमान माना जाता है.

**आखिर क्यों होती है अकाल मृत्यु**

गरुड़ पुराण के अनुसार व्यक्ति का जन्म और मृत्यु सभी उसके कर्मों पर निर्भर करता है. कहते हैं कि जो लोग पापी होते हैं, दूसरों के साथ दुराचार करते हैं, स्त्रियों का अपमान और शोषण करते हैं, झूठ बोलते हैं और कुकर्म करते हैं, उन्हें अकाल मृत्यु की प्राप्ति होती है.

अकाल मृत्यु के बाद आत्मा का क्या होता है

गरुड़ पुराण के अनुसार जिन लोगों की अकाल मृत्यु होती है उनकी आत्मा की आयु भी अधूरी मानी जाती है. ऐसी आत्माओ का जीवन चक्र पूरा न हो पाने के कारण उन्हें न स्वर्ग की प्राप्ति होती है और न ही नरक का स्थान मिलता है. ऐसी आत्माएं भटकती रहती हैं. धार्मिक ग्रंथ के अनुसार अगर किसी पुरुष की अकाल मृत्यु होती है, तो उनकी आत्मा भूत, प्रेत, पिशाच, कुष्मांडा, ब्रह्मराक्षस, बेताल और क्षेत्रपाल योनि में भटकते रहते हैं.

वहीं, अगर किसी स्त्री की अकाल मृत्यु होती है, तो इनकी आत्मा अलग-अलग योनि में भटकती है. इसके अलावा, अगर किसी नवयुवती स्त्री या प्रसूता की अकाल मृत्यु हो जाती है, तो वे चुड़ैल बनती है. कुंवारी कन्या की अकाल मृत्यु होने पर वे देवी योनि में भटकती हैं.

# हेमा मालिनी को नचवाया, मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की महिलाओं पर विवादित टिप्पणी, राजनीति हुई शुरू



भारतीय जनता पार्टी के विधायक और मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा एक नए विवाद में फंस गए और दतिया में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान भाजपा सांसद हेमा मालिनी के नाम का इस्तेमाल करने के बाद उन पर महिलाओं का अपमान करने का आरोप लगाया गया।

जनता के सामने हिंदी में बोलते हुए, मिश्रा ने हेमा मालिनी का जिक्र किया और कहा, उन्होंने दतिया में इस स्तर पर विकास किया है कि न केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, बल्कि हेमा मालिनी को भी नृत्य करने के लिए मजबूर किया गया।

मिश्रा का बयान अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। मिश्रा के बयान पर कड़ा संज्ञान लेते हुए जनता दल (यूनाइटेड) के आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल से पोस्ट किया गया, चरित्र और दिखावे की आलोचना करने वाले बेशर्म भाजपाइयों की हकीकत देखिए। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने ऐसी अपमानजनक बात कही है। उनकी ही पार्टी की सांसद हेमा मालिनी के बारे में बातें।मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में नरोत्तम मिश्रा चौथी बार दतिया से चुनाव लड़ रहे हैं। मिश्रा ने 2008, 2013 और 2018 के विधानसभा चुनावों में दतिया से जीत हासिल की। कांग्रेस ने इस सीट से वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र भारती को मैदान में उतारा है।

# राहुल गांधी ने सत्यपाल मलिक का लिया इंटरव्यू, पूर्व राज्यपाल ने कहा- मैं लिखकर दे रहा हूं, अब नहीं आएगी मोदी सरकार



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के साथ अपनी हालिया मुलाकात का वीडियो साझा किया। सत्यपाल मलिक ने राहुल गांधी से पुलवामा हमले, जम्मू-कश्मीर की स्थिति, अडानी और राजनीति में अपने शुरुआती दिनों के बारे में बात की। सत्यपाल मलिक ने 2019 पुलवामा हमले के लिए सरकार की खामियों को जिम्मेदार ठहराया था। इस इंटरव्यू में भी उन्होंने यही बात दोहराई।

सत्यपाल मलिक ने कहा कि मैंने दो चैनलों को बताया कि यह हमारी गलती थी लेकिन मुझसे कहा गया कि इसे कहीं भी न कहें। मुझे लगा कि मेरे बयानों से जांच पर असर पड़ सकता है, लेकिन कोई जांच नहीं हुई। इसका इस्तेमाल चुनाव के उद्देश्य से किया गया। तीसरे दिन, पीएम मोदी ने अपना भाषण दिया जहां उन्होंने इसका राजनीतिक इस्तेमाल किया। पूर्व राज्यपाल ने कहा कि पुलवामा की घटना क्यों हुई? उन्होंने 5 विमान मांगे थे। अगर उसने मुझसे पूछा होता तो मैं तुरंत दे देता। मैंने बर्फ में फंसे छात्रों को विमान उपलब्ध कराया। दिल्ली में किराये पर विमान मिलना आसान है। लेकिन उनका आवेदन गृह मंत्रालय में चार महीने तक पड़ा रहा और फिर इसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद सीआरपीएफ जवानों ने वह रास्ता अपनाया जो असुरक्षित माना जाता था।

राहुल गांधी ने इंटरव्यू शेयर करते हुए लिखा, क्या ये संवाद श्वष्ठ-ष्टक्त्रक्ष्ठ की भाग दौड़ बढ़ा देगा? पुलवामा, किसान आंदोलन और अग्निवीर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर राज्यपाल, पूर्व सांसद और किसान नेता, सत्यपाल मलिक जी के साथ दिलचस्प चर्चा! मलिक ने कहा कि सीआरपीएफ की गाड़ी पर हमला करने वाला विस्फोटक लदा ट्रक करीब 10-12 दिनों से इलाके में घूम रहा था। विस्फोटक पाकिस्तान से भेजे गए थे। गाड़ी के ड्राइवर और मालिक का आतंकी रिकॉर्ड था। उन्हें कई बार गिरफ्तार किया गया और फिर रिहा किया गया। लेकिन वे खुफिया विभाग के रडार पर नहीं थे। पुलवामा पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जैसे ही उन्हें घटना के बारे में पता चला, वह शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए हवाईअड्डे गए।

राहुल गांधी ने कहा कि मुझे एक कमरे के अंदर बंद कर दिया गया था। मुझे ऐसा लगा जैसे यह कोई घटना हो। पीएम मोदी वहां थे। मुझे कमरे से बाहर निकलने के लिए संघर्ष करना पड़ा। यह काफी अरुचिकर था। अडानी पर सत्यपाल मलिक ने राहुल गांधी से कहा कि सरकार एमएसपी पर अपना वादा निभाने में विफल रही क्योंकि अडानी ने बड़े-बड़े गोदाम बनाए, औने-पौने दाम पर फसलें खरीदीं। सत्यपाल मलिक ने कहा, अगले साल उनकी कीमतें बढ़ेंगी और वह उन्हें बेचेंगे। अगर एमएसपी लागू होता है, तो किसान उन्हें अपने उत्पाद सस्ती दर पर नहीं बेचेंगे। जैसे ही दोनों नेताओं ने मणिपुर की स्थिति पर चर्चा की, सत्यपाल मलिक ने कहा कि सरकार का मणिपुर में कोई नियंत्रण नहीं है। सत्यपाल मलिक ने कहा, लेकिन यह केवल छह महीने के लिए है। मैं लिखित में दे सकता हूं। वे सत्ता में वापस नहीं आएंगे।

# बेंगलुरु-हैदराबाद हाईवे पर खड़े ट्रक से कार टकराने से 12 लोगों की मौत



कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर जिले में गुरुवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, हादसा सुबह 7.15 बजे बेंगलुरु-हैदराबाद नेशनल हाईवे 44 पर हुआ।पुलिस ने हादसे पर टिप्पणी करते हुए कहा कि एक टाटा सूमो कार हाईवे पर एक ट्रक से टकरा गई, जिसके बाद 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एक घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा कि दुर्घटना में शामिल लोग आंध्र प्रदेश के पेनकोंडा जिले के थे।

# शादी में गए किशोर की चाकू घोंपकर हत्या, दो दोस्त हिरासत में लिए गए



उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में एक किशोर की चाकू घोंपकर हत्या कर उसके शव को जंगल में फेंक दिया गया। इस मामले में मृतक के दो दोस्तों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मोहब्बतपुर गांव का रहने वाला मेराज (15) गत 22 अक्टूबर की शाम अपने दो दोस्तों-गुलाम और आशिक अली के साथ गांव में आयोजित एक शादी समारोह में गया था।सूत्रों ने बताया कि मेराज जब बुधवार देर रात तक घर नहीं लौटा, तो उसके पिता रियाज ने उसके दोस्तों से पूछा, जिस पर वे कुछ साफ नहीं बता पाए। इसके बाद रियाज ने पुलिस को अपने बेटे की गुमशुदगी की सूचना दी। सूत्रों के मुताबिक, बाद में मेराज का शव गांव के पास स्थित जंगल में पाया गया। उन्होंने बताया कि मेराज के शव पर चाकू से वार के निशान थे। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने मेराज के दोनों दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

**(अतीत) 29 अक्टूबरः 1992**

## जब शवयात्रा में राम नाम सत्य है बोलने से डरने लगे लोग

# गंगा नहाने पर पिटाई, माथे पर तिलक दिखा तो भेजे गए जेल




**अयोध्या। 29 अक्टूबर 1990, मुर्दे जिंदा हो गए तो? इसलिए गिरफ्तार कर लो। हालत यह था कि सरयू तट पर शवों के अंतिम संस्कार पर रोक लग गई। चारों तरफ किलेबंदी, यहां तक कि बीमारी से तड़पते मरीज को ले जाने वाली एंबुलेंस को भी रोका गया। मुलायम सिंह यादव की सरकार और कारसेवा की तैयारी।**

प्रदेश भर में कर्फ्यू जैसा माहौल। गिरफ्तारियां शुरू हो गईं। यहां तक कि माथे पर कोई तिलक चंदन लगाया हो तो सलाखों में पहुंचा दिया जाता।प्रधानमंत्री वीपी सिंह को दी गई चार महीने की मोहलत खत्म हो चुकी थी।...और अब हरिद्वार में संतों ने घोषणा कर दिया था कि 30 अक्टूबर 1990 को अयोध्या में कारसेवा होगी। यूपी में मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव थे, जो पहले ही मुसलमानों को हथियार उठा लेने और एकजुट होकर विरोध करने की नसीहत भी दे चुके थे। मुलायम ने सुरक्षा इंतजाम पुख्ता कर लिया था।

चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात। जमीन से लेकर आसमान तक निगहबानी होने लगी। अयोध्या की तरफ जाने वाले रास्ते सील कर दिए गए। यहां तक कि नदी, नाले, खेत, खलिहान, पगडंडी कहीं से भी अयोध्या में कोई कारसेवक न प्रवेश कर पाए। कुलमिलाकर मुलायम सिंह यादव ने ठीक ही कहा था कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। आगे पढ़ने से पहले, आप यह वीडियो देख सकते हैं। इस वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे अयोध्या मुलायम सरकार के आतंक की वजह से दहशत में थी।

**संगीनों के साये में कैद अयोध्या**

29 अक्टूबर 1990 को बीमारी से तड़पते मरीज को भी डाक्टर के पास ले जाने के लिए रोक लगा दिया गया। क्या पता मरीज ही कारसेवक न हो। यहां तक कि शव के अंतिम संस्कार के लिए सरयू तट पर ले जाने पर भी रोक लग गई। मुलायम सरकार को भय था कि मुर्दा कारसेवक बनकर जिंदा न हो जाए।प्रदेश भर में कर्फ्यू जैसा माहौल। गिरफ्तारियां शुरू हो गईं। यहां तक कि माथे पर कोई तिलक चंदन लगाया हो तो सलाखों में पहुंचा दिया जाता। विहिप, बजरंग दल, आरएसएस के कार्यकर्ताओं की खोजबीन, धरपकड़ शुरू हो गई। देर रात तक कार्यकर्ताओं के घर पर पुलिस ने छापा मारना शुरू किया। जैसे किसी बड़े अपराधी को पुलिस को पकड़ना है। इधर, लखनऊ में मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव रोज समीक्षा करने लगे आज कितने गिरफ्तार हुए?

पहली बार कारसेवा शब्द का जिक्र आया, वीपी सिंह को मिला चार और महीना

**काशी में गंगा नहाने पर अघोषित रोक**



कारसेवा से मुलायम सरकार इतनी भयभीत थी कि काशी में गंगा नहाने आए लोगों की पिटाई शुरू हो गई। बाबा विश्वनाथ दर्शन करने जाने वालों से सरकार डरने लगी और उनको कारसेवक मान लिया गया। डर का आलम यह था कि मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर पूजा करने आए राजस्थान के ग्रामीणों को पुलिस ने दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया।देवरिया, गोरखपुर, बस्ती, सुल्तानपुर, प्रयाग, प्रतापगढ़, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, बहराईच, अंबेदकरनगर, आजमगढ़ कोई ऐसा जिला नहीं था जो पुलिस छावनी न बन गया हो। फैजाबाद की तरफ आने वाले रास्तें सील कर दिए गए। यहां तक कि नदी, नाले, खेत, खलिहान तक की निगरानी शुरू हो गई। प्रयाग में नाव पर बैठै लोगों को उतार कर पीटा जाने लगा। कहीं नाव से ही अयोध्या न चले जाएं।

**समाचार पत्रों पर लगी बंदिशें**

हालात की जानकारी लोगों को न होने पाए तो सरकार क्या करे। फौरन सभी समाचार पत्रों को निर्देश दे दिया गया। उनकी आजादी खत्म कर दी गई। उनके प्रकाशन और वितरण पर कड़ी नजर रखी जाने लगी। सीतापुर, उन्नाव, लखनऊ, मुरादाबाद, बरेली जिन जिलों में कारसेवक गिरफ्तार कर जेल भेजे गए वहां उनकी पिटाई हुई।सजायाफ्ता कैदियों को उकसाया गया। उत्तर प्रदेश में भाजपा, आरएसएस, विहिप के पदाधिकारी और इससे जुड़े कार्यकर्ता कारसेवा की तिथि से पहले ही अपराधियों की तरह गिरफ्तार कर लिए गए। जो भी उत्तर प्रदेश के बाहर से आ रहा था। उसे पकड़ लिया जाता। यदि वह हिंदी भाषी नहीं है और नार्थ ईस्ट या दक्षिण भारत से हैं तो पक्का कारसेवक होगा। यह मानकर गिरफ्तार भी करते और पिटाई भी हो जाती।

तब के प्रधानमंत्री वीपी सिंह बने थे राममंदिर आंदोलन के मुख्य खलनायक

**रामनाम सत्य बोला तो कारसेवक ही होगा**

मुलायम सिंह यादव सरकार का कहर जारी था। किसी भी कीमत पर रामभक्तों को अयोध्या नहीं पहुंचने देने को सरकार संकल्पबद्ध थी। सरकार ने दंभ भरा कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। यह सिर्फ इसलिए कि उस राम की जन्मभूमि पर मंदिर बनाने की मांग थी, जो राम करोड़ों हिंदुओं की आस्था हैं। जिस राम का नाम लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अंतिम सांसे ली।जिस राम को प्रसिद्ध शायर अल्लामा इकबाल इमामे हिंद कहते हैं। जिसे गोस्वामी तुलसी दास से लेकर कबीर तक कालीदास से लेकर बाणभट्ट तक। भवभूति, क्षेमेंद्र, प्रवरसेन, राजशेखर, कुमारदास, विश्वनाथ, सोमदेव और राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त तक, केशवदास, समर्थ रामदास से लेकर दक्षिण के संत तुकडोजी तक राम की महिमा में काव्यों, महाकाव्यों की रचना करते हैं।जो राम भारत के गर्भनाल से जुड़े हैं। जो राम विदेशों में बसे गिरमिटिया समाज के संघर्ष के प्रतीक हैं। जो राम भारत की चेतना को हजारों सालों से जीवंत किए हैं। जो राम जीवन से लेकर मरण तक भारतीय समाज में रचे बसे हैं। उनके जन्मस्थान पर मंदिर निर्माण की मांग थी। उसके लिए लाखों बलिदान दिया गया। कारण कि एक विदेशी धर्मांध आक्रांता बाबर ने इसे तोड़ दिया था। लेकिन सेकुलरिज्म की सरकारी अफीम में मदहोश सरकारें रामभक्तों पर जुल्म और सितम ढ़ाने में मुगलिया और ब्रिटानिया अंदाज को भी बौना साबित करने लगी थी।

आंतक, डर, दहशत के साए में था उत्तर प्रदेश। अपने परिजन की शव यात्रा में शामिल लोग डर के मारे रामनाम सत्य है, नहीं बोल सकते। पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। यहां तक कि रामनाम सत्य है बोलने के लिए न्यायायल से मंजूरी लेनी पड़ी। चौदह कोसी, पंचकोसी परिक्रमा चलने देने, गिरफ्तार लोगों का रिहा करने और शिलान्यास स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने के लिए हाईकोर्ट के आदेश मुलायम सरकार के लिए रद्दी साबित हुए। जारी रखेंगे... ।

# तवांग पर आखिर क्यों है चीन की नजर ?

कड़े संघर्ष के बाद चीन ने एक बार फिर भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश की है। इस बार अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के बीच हुई मुठभेड़ में दोनों पक्षों के जवान घायल हुए हैं।

## 1962 के युद्ध के बाद से तवांग पर नजर

1962 के युद्ध के बाद से तवांग में 17,000 फीट की ऊंचाई पर यांग्त्ज़ी नदी पर चीन की नज़र है। तभी से चीन यांग्त्जी पर कब्जा करने का सपना देख रहा है।सैन्य सूत्रों के मुताबिक, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) यांग्त्ज़ी को निशाना बनाने के लिए हमेशा तैयार रहती है।

चीन ने हमेशा भारत के अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा होने का दावा किया है। लेकिन इतिहास में इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि अरुणाचल प्रदेश तिब्बत का हिस्सा है।




## चीन यांग्त्ज़ी को क्यों चाहता है?

- तवांग से 35 किलोमीटर उत्तर पूर्व में **यांग्त्से** है। **यांग्त्ज़ी** का अधिकांश भाग मार्च तक बर्फ से ढका रहता है।
- यांग्त्ज़ी भारत के लिए उतना ही महत्वपूर्ण है जितना चीन के लिए।यांग्त्जी से चीन सीधे **तिब्बत** पर नजर रख सकता है।



- चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास भी **जासूसी** कर सकता है।
- ब्रह्मपुत्र घाटी और तिब्बत के बीच पूरे कॉरिडोर पर ड्रोन के जरिए नजर रखने की पहल की गई है।
- तवांग से भूटान और भारत पर नजर रखना आसान होता है।

## 2021 से हमले की तैयारी में पीएलए



2021 से पीएलए अरुणाचल की तरफ बढ़ रही थी। सूत्रों के अनुसार पीएलए ने तवांग पर कब्जे का पूरा प्लान तैयार किया था।

# शतरंज: अर्जुन ने गुइजारो को हराया, नारायणन ने ड्रॉ खेला



अपने पारंपरिक आक्रामक अंदाज में खेलते हुए ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज में स्पेन के एंटोन गुइजारो को हराया जबकि एस एल नारायणन ने ग्रैंडमास्टर अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से ड्रॉ खेला। अजुन ने 40 चालों के बाद बाजी जीती।

वहीं कतर मास्टर्स में तीसरे स्थान पर रहे केरल के नारायणन ने 33 चालों के बाद ड्रॉ खेला। रौनक साधवानी ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अमेरिका के हिकारू नकामूरा को ड्रॉ पर रोका। यह मुकाबला 25 चालों तक ही चला। महिला वर्ग में पूर्व विश्व चैम्पियन तान झोंगयी ने दिव्या देशमुख को हराया जबकि बी सविता को पूर्व विश्व चैम्पियन एंतोआनेता स्टेफानोवा ने मात दी।

# ईडन गार्डन्स की दीवार गिरी, कोलकाता में खेला जाएगा पहला NED vs BA मुकाबला



ईडन गार्डन्स में होने वाले वर्ल्ड कप 2023 के पहले मैच से पूर्व एक बड़ी दुर्घटना होने की खबर सामने आ रही है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, स्टेडियम की बाहरी दीवार का एक हिस्सा अर्थ-मूविंग मशीन से टकरा गई जिसके बाद दीवार ढह गई।

कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होने वाले वर्ल्ड कप 2023 के पहले मैच से पूर्व एक बड़ी दुर्घटना होने की खबर सामने आ रही है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, स्टेडियम की बाहरी दीवार का एक हिस्सा अर्थ-मूविंग मशीन से टकरा गई जिसके बाद दीवार ढह गई। हालांकि, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अधिकारियों ने कहा कि मरम्मत कार्य के दौरान ये हादसा हुआ था और क्षतिग्रस्त हिस्से को जल्द से जल्द ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। दीवार का जो हिस्सा गिरा वह गेट 3 और 4 के बीच है। वहीं कोलकाता स्टेडियम में पहला मुकाबला खेला जाएगा। ये मुकाबला नीदरलैंड्स बनाम बांग्लादेश मुकाबले के रूप में ईडन गार्डन्स पर वर्ल्ड कप 2023 का पहला मैच खेला जाएगा। इसके बाद मंगलवार को पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश मैच होगा। वहीं 5 नवंबर को भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। वहीं 11 नवंबर को इंग्लैंड पाकिस्तान के खिलाफ भिड़ेगी। 16 नवंबर को ईडन गार्डन्स के मैदान पर ही सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। ईडन गार्डन्स के इस ऐतिहासिक मैदान पर वर्ल्ड कप 2023 का पहला मैच नीदरलैंड्स और बांग्लादेश के बीच केला जाना है। हालांकि, ये दोनों टीमें लगभग टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। इस मैच में हारने वाली टीम का अधिकारिक रूप से वर्ल्ड कप का सफर समाप्त हो सकता है। वहीं दूसरा मैच यहां पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच होगा। खराब फॉर्म से जूझ रही पाकिस्तानी टीम के लिए सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए ये मैच बेहद अहम रहने वाला है।

# इंग्लैंड को 1966 में विश्व कप जिताने वाले महान फुटबॉलर बॉबी चार्लटन के निधन से खेल जगत में छाई मायूसी

नई दिल्ली। मैनचेस्टर यूनाइटेड के दिग्गज और इंग्लैंड की 1966 फीफा विश्व कप विजेता टीम के सदस्य सर बॉबी चार्लटन का शनिवार को 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। 17 नवंबर को जब इंग्लैंड माल्टा के खिलाफ मैदान में उतरेगा तो वेम्बली स्टेडियम में बॉबी चार्लटन को श्रद्धांजलि दी जाएगी। बॉबी चार्लटन के निधन से खेल जगत में मायूसी का माहौल है।बॉबी चार्लटन ने इंग्लैंड के लिए 106 मैचों में 49 गोल किए और 1966 में वर्ल्ड कप जीता। जबकि मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए उन्होंने 758 मैच में 249 गोल किए। प्रीमियर लीग क्लब के एक बयान में कहा गया है। हमारे क्लब के इतिहास में सबसे महान और सबसे प्रिय खिलाड़ियों में से एक सर बॉबी चार्लटन के निधन के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड शोक में है।बॉबी चार्लटन न केवल मैनचेस्टर या यूनाइटेड किंगडम में नहीं, बल्कि दुनिया भर में जहां भी फुटबॉल खेला जाता है, वो लाखों लोगों के लिए हीरो थे।

# ग्रेग चैपल का हुआ बुरा हाल, भयंकर गरीबी झेल रहा पूर्व भारतीय कोच, दोस्त ऑनलाइन जुटा रहे पैसे



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व भारतीय कोच ग्रेग चैपल का नाम सुनते ही हर भारतीय फैन का मन उदास हो जाता है। चैपल 2007 वर्ल्ड कप के दौरान टीम इंडिया के कोच थे और तब भारत अपने क्रिकेट इतिहास के सबसे मुश्किल दौर से गुज़र रहा था। टीम का प्रदर्शन बेहद खराब था और खिलाड़ी खेल से ज्यादा आपसी विवाद के चलते सुर्खियों में थे। इन सब की वजह चैपल थे। चैपल का भारतीय क्रिकेट टीम के साथ बतौर कोच कड़वा अनुभव रहा।वही चैपल आज दाने- दाने के लिए मुहताज हैं और भयंकर आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। इस बात का खुलासा %न्यूज कॉर्प% की एक रिपोर्ट में हुआ है। चैपल ने सालों पहले किसी भी तरह की मदद लेने से इनकार कर दिया था लेकिन आज स्थिति अलग है। उनके दोस्तों ने उनकी मदद के लिए ऑनलाइन पैसे जुटाने शुरू किए हैं।चैपल ने कहा, %मैं बहुत बुरी स्थिति में नहीं हूं। मैं निश्चित तौर पर इस तरह नहीं दिखाना चाहता कि मैं बहुत मुश्किल में हूं, क्योंकि मैं नहीं हूं। लेकिन मैं लग्जरी जीवन भी नहीं जी रहा हूं। मुझे लगता है कि ज्यादातर लोग यह मानते हैं क्योंकि हमने क्रिकेट खेला है तो आज आलीशान जिंदगी जी रहे होंगे। हालांकि मैं निश्चित रूप से गरीबी का रोना भी नहीं रो रहा हूं, बात सिर्फ इतनी सी है कि हम वो फायदा नहीं उठा रहे हैं जो आज के खिलाड़ियों को मिल रहा है रिपोर्ट के अनुसार, काफी मनाने के बाद ग्रेग चैपल ने बेमन से अपने लिए एक ऑनलाइन फंडिंग पेज बनाया है। चैपल ने कहा कि वह अपने युग के एकमात्र खिलाड़ी नहीं हैं जो वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहे हैं। चैपल के मित्र पीटर मेलोनी ने कहा कि उन्होंने इस ऑनलाइन फंडिंग अभियान से लगभग ढाई लाख डॉलर जुटाने की उम्मीद है, जिससे उनके जीवन के स्तर में सुधार होने की उम्मीद है। ग्रेग चैपल को उनके रिटायरमेंट के समय भी हर खिलाड़ी को दिए जाने वाले संन्यास बेनेफिट की पेशकश की गई थी लेकिन उन्होंने इसे लेने से इनकार कर दिया। चैपल को लगता था कि उनके पास काफी विकल्प हैं और उन्हें इस मदद की जरूरत नहीं है। चैपल क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया में कई पदों पर रहे। कई टीमों के कोच भी रहे लेकिन फिर भी आज उनकी स्थिति ठीक नहीं है।कुछ साल पहले चैपल ने अपनी सेविंग्स का बड़ा हिस्सा बिजनेस में लगाया जो कि डूब गया। इसी का नुकसान उठाने के कारण ही उनकी स्थिति खराब हो गई। क्रिकेट करियर की बात करें तो ग्रेग चैपल ने 1970 और 80 के दशक के दौरान 87 टेस्ट मैच में 24 शतक बनाए और 48 मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व किया। उन्होंने जनवरी 1984 में टेस्ट से संन्यास ले लिया और ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा रन ( 7110 ) बनाने वाले खिलाड़ी बने, उन्होंने सर डोनाल्ड ब्रैडमैन के 6996 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा था।




# ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड को हुआ 16.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर का घाटा, रिपोर्ट में हुआ खुलासा




नई दिल्ली।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2022 पुरुष टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी के माध्यम से 43 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के बावजूद 2022-23 वित्तीय वर्ष के लिए 16.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर के नुकसान की सूचना दी है।

एक बयान में कहा गया कि गैर-एशेज वर्ष के दौरान कम मीडिया अधिकारों और मैच राजस्व के साथ राजस्व चक्र में अपेक्षित कम अंक के कारण नुकसान हुआ। हालांकि पुरुषों के टी 20 विश्व कप में स्टेडियमों में भारी भीड़ देखी गई। जिसमें एमसीजी में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के लिए 92,000 फैंस शामिल थे।बयान में कहा गया, खिलाड़ियों के भुगतान को छोड़कर कुल खर्च में 5त्न की वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष के दौरान, सीए ने 2024-31 तक ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट के प्रसारण के लिए फॉक्सटेल ग्रुप और सेवन वेस्ट मीडिया के साथ 1.512 बिलियन डॉलर के सात-वर्षीय मीडिया अधिकार समझौते पर हस्ताक्षर किए और ऑस्ट्रेलियाई प्रसारण के अधिकार के लिए डिज़्नी स्टार के साथ एक नया सात-वर्षीय समझौता किया।इसने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन के साथ पांच साल के एमओयू पर भी बातचीत की, जिसमें समझौते की अवधि के दौरान अनुबंधित महिला खिलाड़ियों के भुगतान में 80 मिलियन से .133 मिलियन की कुल वृद्धि शामिल थी। पूर्ण सीज़न खेले जाने के साथ सामुदायिक क्रिकेट में पंजीकृत भागीदारी दर 598,931 से 627,693 तक की वृद्धि के साथ पूर्व-कोविड दर के रिकॉर्ड के करीब लौटती रही। इसके अलावा, बीबीएल सीज़न 11 ऑस्ट्रेलिया में प्रति मैच लीनियर टीवी के आधार पर औसतन 532,000 दर्शकों के साथ फिर से सबसे ज्यादा देखी जाने वाली स्पोर्ट्स लीग थी, जबकि आयोजन स्थलों पर पूरी भीड़ की वापसी में फाइनल के लिए 53,866 की भीड़ शामिल थी।

# वर्ल्ड कप के बीच BCCI ने शुरू की IPL ऑक्शन की तैयारियां, दुबई में होगी नीलामी




नई दिल्ली। दोनों लीग का ऑक्शन वर्ल्ड कप के बाद दिसम्बर के महीने में कराया जा सकता है। आईपीएल की नीलामी दुबई में आयोजित की जाएगी। बीसीसीआई इसके लिए अपनी योजनाओं को अंतिम रूप दे रहा है। बोर्ड 15 से 19 दिसंबर के बीच नीलामी का आयोजन कर सकता है।

वर्ल्ड कप 2023 लगभग आधा हो चुका है और भारतीय टीम ने अबतक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस मेगा टूर्नामेंट के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल कोर्ड (ब्बष्टढ्ढ) अगले साल के इंडियन प्रीमियर लीगकी तैयारी में भी जुट गया है। आईपीएल के अगले सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी को लेकर रोडमैप तैयार किया जा रहा है और रिपोर्ट्स के मुताबिक यह ऑक्शन दुबई में कराया जा सकता है।आईपीएल और महिला प्रीमियर लीग दोनों लीग का ऑक्शन वर्ल्ड कप के बाद दिसम्बर के महीने में कराया जा सकता है।

आईपीएल की नीलामी दुबई में आयोजित की जाएगी। बीसीसीआई इसके लिए अपनी योजनाओं को अंतिम रूप दे रहा है। बोर्ड 15 से 19 दिसंबर के बीच नीलामी का आयोजन कर सकता है। हालांकि, फ्रेंचाइजियों को कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई है मगर चर्चा का बाजार गर्म है कि आईपीएल नीलामी दुबई में आयोजित की जाएगी।

ट्रेडिंग विंडो फिलहाल खुली है। हालांकि, अभी तक आईपीएल फ्रेंचाइजियों के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली की कोई जानकारी नहीं आई है। माना जा रहा है कि जल्द ही रिटेन और रिलीज प्लेयर्स की लिस्ट भी सामने आने लगेगी। नीलामी से पहले कुछ महंगे खिलाड़ियों को रिलीज किया जा सकता है। इसके लिए फ्रेंचाइजियों को पर्याप्त समय दिया जाएगा।

दूसरी ओर, WPL के दूसरे सीजन लिए 9 दिसंबर को ऑक्शन होने की संभावना है। लीग को इस साल फरवरी के लिए निर्धारित किया जा सकता है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम जनवरी के मध्य तक अंतरराष्ट्रीय मैचों में व्यस्त रहेगी। टीमों को इस बात की पुष्टि नहीं मिली है कि क्या डब्ल्यूपीएल एक ही शहर में

# ऑलराउंडर बास डी लीडे ने की आईसीसी से अपील, कहा- नीदरलैंड्स को बड़े राष्ट्र का दर्जा दें

नीदरलैंड के ऑलराउंडर बास डी लीडे ने अपील की कि विश्व कप में दो बड़े उलटफेर करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को उन्हें 'बड़े राष्ट्र' का दर्जा देना चाहिए। नीदरलैंड वर्तमान विश्व कप में भाग लेने वाला एकमात्र एसोसिएट देश है। उसने धर्मशाला में दक्षिण अफ्रीका को 38 रन से हराकर क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया था। इसके बाद उसने शनिवार को यहां बांग्लादेश को 87 से पराजित करके साबित कर दिया कि दक्षिण अफ्रीका पर उसकी जीत महज संयोग नहीं थी।डी लीडे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हमारे लिए और नीदरलैंड क्रिकेट के लिए प्रत्येक जीत बड़ी जीत है। हम अपने देश के युवाओं को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम आने वाले वर्षों में हमें एक संभावित बड़े राष्ट्र के रूप में देखने के लिए आईसीसी का ध्यान आकर्षित करने का भी प्रयास करना चाहते हैं। इसलिए हमारे लिए प्रत्येक जीत काफी महत्वपूर्ण है।''

यह हालांकि स्पष्ट नहीं हो पाया कि डी लीडे अपने देश को टेस्ट दर्जा देने के लिए कह रहे थे या फिर उसको अधिक टूर्नामेंट में उतारने की मांग कर रहे थे। नीदरलैंड को अभी तीन मैच और खेलने हैं और वह सेमीफाइनल की दौड़ में बना हुआ है। उसके 6 मैच में चार अंक हैं। सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना के बारे में डी लीडे ने कहा, ''यह अन्य टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा कि हम सेमीफाइनल में जगह बना सकते हैं या नहीं। हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक मैचों में जीत दर्ज करना है।



# कौन है शीतल देवी? जानें महिला तीरंदाज के बारे में ये पांच तथ्य





एशियन पैरा गेम्स 2023 में भारत की बेटी ने कमाल करके दिखाया है। दरअसल, जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के लोइधर गांव की 16 वर्ष की शीतल देवी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने वाली बिना हाथों वाली पहली महिला तीरंदाज हैं। शीतल ने इस सप्ताह देश के लिए तीरंदाजी में दो मेडल जीते हैं।

शीतल देवी ने एशियाई पैरा गेम्स 2023 में एक बार फिर कामयाबी हासिल की है। शीतल ने हांगझोऊ में महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंट तीरंदाजी स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता है। इसके साथ ही वो दुनिया की पहली बिना हाथ वाली महिला तीरंदाज भी हैं। उन्होंने सिंगापुर की अलीम नूर सयाहिदा को 144-142 से मात देकर टॉप स्थान हासिल किया।

**फोकोमेलिया से पीड़ित**

निशानेबाज शीतल देवी का जन्म फोकोमेलिया के साथ हुआ था। ये एक गंभीर बीमारी है जिसमें अंग अविकसित होते हैं। %द इंडियन एक्सप्रेस% को बताया कि, शुरुआत में तो मैं धनुष ठीक से उठा भी नहीं पाती थी, लेकिन कुछ महीनों के प्रयास के बाद ये आसान हो गया।

**2 साल पहले की ट्रेनिंग शुरू**

शीतल देवी ने महज 2 साल पहले ही धनुष-बाण के साथ अपनी ट्रेनिंग शुरू की थी। इतने कम समय की मेहमनत के बाद भी उन्होंने कई मेडल अपने नाम किए। हांगझू में शीतल ने सरिता के साथ जोड़ी बनाते हुए महिला टीम में सिल्वर मेडल जीता और राकेश कुमार के साथ मिश्रित में गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

**खेलने की एक अनोखी शैली**

बिना हाथों के शीतल मुंह और पैरों की मदद से कमाल करती हैं। वो अपने दाहिने पैर से 27.5 किलोग्राम के धनुष को पकड़ती हैं और संतुलित करती है। अपने दाहिए कंधे से जुड़े एक मैनुअल रिलीजर का इस्तेमाल करके स्ट्रिंग को पीछे खींचती हैं और लक्ष्य को भेदने के लिए मुंह में रखे ट्रिगर का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि, इस दौरान वह पूरे समय अपने बाएं पैर के बल सीट पर खुद को सीधा रखती हैं।

**उपलब्धियां**

महज 16 साल की उम्र में शीतल ने अपने नाम उपलब्धियां की हैं।

ट्रेनिंग के 6 महीने बाद शीतल ने वो कर दिखाया जिसका इंतजार सबको था। उन्होंने सोनीपत में पैरा ओपन नेशनल्स में सिल्वर मेडल हासिल किया। इस साल की शुरुआत में शीतल ने चेक गणराज्य के पिलसेन में वर्लड कप तीरंदाजी चैंपियन में भी सिल्वर मेडल जीता। वह फाइनल में तुर्की की ओजनूर क्योर से हार गईं लेकिन वर्ल्ड चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली बिना हाथों वाली पहली महिला तीरंदाज बन गईं।

**कोच कुलदीप का समर्थन**

वहीं शीतल ने कभी भी इस खेल को खेलने के बारे में नहीं सोचा था। जबतक कि कोच कुलदीप कुमार ने उनमें क्षमता नहीं देखी और उन्हें अकादमी का दौरा करने के लिए नहीं कहा, जिससे अंतत: उन्हें प्रेरणा मिली और उन्हें यह उपलब्धि हासिल करने में मदद मिली।

# बिना हाथों वाली पहली महिला तीरंदाज ने जीते पदक

एशियन पैरा गेम्स 2023 में भारत की बेटी ने कमाल करके दिखाया है। दरअसल, जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के लोइधर गांव की 16 वर्ष की शीतल देवी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने वाली बिमा हाथों वाली पहली महिला तीरंदाज हैं। शीतल ने इस सप्ताह देश के लिए तीरंदाजी में दो मेडल जीते हैं।हांगझू में चल रहे एशियन पैरा गेम्स 2023 में भारत की बेटी ने कमाल करके दिखाया है। दरअसल, जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के लोइधर गांव की 16 वर्ष की शीतल देवी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने वाली बिमा हाथों वाली पहली महिला तीरंदाज हैं। शीतल ने इस सप्ताह देश के लिए तीरंदाजी में दो मेडल जीते हैं। बिना हाथों के शीतल ने मुंह और पैरों की मदद से ये कमाल किया है। वो अपने दाहिने पैर से 27.5 किलोग्राम के धनुष को पकड़ती हैं और संतुलित करती है। अपने दाहिए कंधे से जुड़े एक मैनुअल रिलीजर का इस्तेमाल करके स्ट्रिंग को पीछे खींचती हैं और 50 मीटर दूर लक्ष्य को भेदने के लिए मुंह में रखे ट्रिगर का इस्तेमाल करती हैं। इस दौरान वह पूरे समय अपने बाएं पैर के बल सीट पर खुद को सीधा रखती हैं।

फोकोमेलिया के साथ जन्मी शीतल, ने अपनी जिंदगी में कभी भी किसी मुश्लिक से डरी नहीं है। दरअसल, फोकोमेलिया एक ऐसा विकार है जिसके कारण अंग अविकसित होते हैं। शीतल ने गुरुवार को द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि, शुरुआत में तो मैं धनुष ठीक से उठा भी नहीं पाती थी, लेकिन कुछ महीनों के प्रयास के बाद ये आसान हो गया।

हांगझू में शीतल ने सरिता के साथ जोड़ी बनाते हुए महिला टीम में सिल्वर मेडल जीता और राकेश कुमार के साथ मिश्रित में गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

# सीएम योगी जी ने कानपुर को दी 501 करोड़ की सौगात

## 153 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया







कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम व रिमोट के जरिए किया परियोजनाओं का शिलान्यास

कानपुर। शनिवार को राष्ट्रीय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित अनुसूचित जाति सम्मेलन में सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर दीप प्रज्जवलित किया। इसके बाद सीएम ने अरनव, दिव्यांशी और मोहक को खीर खिलाई।

सीएम ने सबसे पहले बच्चों को गोद लिया। दिव्यांशी जैसे सीएम के गोद मे गई, तो खुश हो गई। सभी बच्चों को खिलौना भी दिया। सीएम ने नगर निगम की 100 कूड़ा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई। ये गाड़ियां घर-घर जाकर कूड़ा उठाएंगी।इसके बाद सीएम योगी ने 501 करोड़ की 153 परियोजनाओं का शिलन्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा बोलती कुछ है और करती कुछ है। कानपुर कभी देश का उभरता हुआ शहर था, देश के आर्थिक संपन्न शहरों के रूप में जाना जाता था। पिछली सरकारों ने उसे तहस नहस कर दिया।आज मेट्रो का सफल संचालन हो रहा है। कानपुर डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग का हब भी बन रहा है। यहां पहले ही वर्ष में 38 हजार करोड़ के नए कार्यक्रम लेकर चल रहे हैं। कहा कि भाजपा सरकार कानपुर-बुंदेलखंड को उसका वैभव दिलाने के लिए कार्य कर रही है। कानपुर अर्थव्यवस्थाता का केंद्र बिंदु बनाया जा रहा है।वहीं, मंत्री व पूर्व आईपीएस असीम अरुण ने कहा कि अनसूचित वर्ग में कई जातियां हैं, जो समाज से अलग हैं। उन्हें भाजपा ने उनका हक दिलाया। सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछली सरकारों में सिर्फ शोषण किया गया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि पिछली सरकार में अनुसूचित वर्ग के साथ जमकर शोषण किया गया। जब चुनाव आता है, तब उन्हें अनुसूचित वर्ग याद आता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा द्वारा गरीब कल्याण की बात करती है। अन्य पार्टियों ने दलित वर्ग को सिर वोट बैंक समझा जाता है। उनकी संख्या सिर्फ इसलिए बताई जाती है कि उनका वोट लेना है। कानपुर की धरती धन्य है, जहां महर्षि वाल्मीकि का आश्रम भी है। मुख्यमंत्री जी ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने तीन बच्चों दिव्यांशी, अरनव, मोहक को अन्नप्रासन कराया। ओ0डी0ओ0पी0 योजनान्तर्गत तीन लाभार्थी राशि मेहरोत्रा मेसर्स राधिका होजरी को रुपए 50 लाख, तनुज आहुजा मेसर्स प्रगति ट्रेडर्स को रुपए 49 लाख व कविता टण्डन मेसर्स ब्लेसिंग्स इम्पेक्ट को रुपए 01 करोड़ 50 लाख के चेक वितरित किये। स्वामी विवेकानन्द स्मार्टफोन/टैबलेट के योजनान्तर्गत तीन लाभार्थी अंजली कुशवाहा, अर्पिता शर्मा, बबली देवी को स्मार्टफोन/टैबलेट प्रदान किया। ओ0डी0ओ0पी0 योजनान्तर्गत टूलकिट वितरण के तीन लाभार्थी स्वाती दिवाकर, ऑचल साह, अंशिका यादव तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत तीन लाभार्थी संगीता यादव, सोनी यादव, दीपिका तिवारी को सिलाई मशीन प्रदान की तथा स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अन्तर्गत 100 हापर टिपर गाडियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।ओ0डी0ओ0पी0 योजनान्तर्गत टूलकिट वितरण के तीन लाभार्थी स्वाती दिवाकर, ऑचल साह, अंशिका यादव तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत तीन लाभार्थी संगीता यादव, सोनी यादव, दीपिका तिवारी को सिलाई मशीन प्रदान की तथा स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अन्तर्गत 100 हापर टिपर गाडियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया एवं ग्राम कोरथा विकास खण्ड भितरगांव में ट्राली से हुयी दुघर्टना से हुये प्रभावित 19 परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना सहित कुल 1.56 करोड की लागत से वेदव्यास ग्राम के रूप में कालोनी का लोकार्पण किया।

## ये रहीं सीएम की योजनाएं

- मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद में रु0 26092.37 लाख की लागत के कुल 43 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया, जिसमें मुख्य परियोजनाओं का विवरण निम्नलिखित है-
- जनपद कानपुर नगर में राज्य मार्ग सं0 173 (मंधना-गंगाबैराज-शुक्लागंज-पुरवा-मोहन लाल गंज मार्ग) के कि0मी0-01 से 17 तक 02 लेन से 04 लेन तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य का शिलान्यास (स्वीकृत लागत 15935.63 लाख)।
- जी0टी0 मार्ग से टौंस नरवल अखरी कुढ़नी मार्ग के शेष भाग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य का शिलान्यास (स्वीकृत लागत 2415.52 लाख)।
- वाटर सप्लाई परियोजना स्कॉडा (भाग-2) का शिलान्यास (स्वीकृत लागत 677 लाख)।
- सकरापुर में 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के निर्माण कार्य का शिलान्यास (स्वीकृत लागत 359.36 लाख)।
- ग्रीन पार्क स्टेडियम में छात्रावास भवन निर्माण का शिलान्यास (स्वीकृत लागत 450.96 लाख)।
- मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद में रु0 24008.77 लाख की लागत के कुल 110 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया, जिसमें मुख्य परियोजनाओ का विवरण निम्नलिखित है-
- जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज, कानपुर के सर्जरी विभाग 08 माड्यूलर ओ0टी0 का लोकार्पण (स्वीकृत लागत 1611.88 लाख)।
- जनपद कानपुर नगर में मण्डलीय प्रशिक्षण केंद्र (होमगार्ड) का लोकार्पण (स्वीकृत लागत 1017.66 लाख)।
- एन0एच0-2 के कि0मी0 484 से नवीन चकेरी एयरपोर्ट तक मार्ग का नव निर्माण कार्य का लोकार्पण (स्वीकृत लागत 5323.82 लाख)।
- परमट में आनन्देश्वर मंदिर के पास सरकारी स्वामित्व वाले सार्वजनिक स्थानों के विकास कार्यों का लोकार्पण (स्वीकृत लागत 413 लाख)।
- जिला कारागार परिसर में बंदी रसोई काउंटर का निर्माण एवं पाकशाला की स्थापना का कार्य का लोकार्पण (स्वीकृत लागत 7.86 लाख)।

## सपा बोलती कुछ है और करती कुछ है



कानपुर। शनिवार को राष्ट्रीय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित अनुसूचित जाति सम्मेलन में सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर दीप प्रज्जवलित किया। इसके बाद सीएम ने अरनव, दिव्यांशी और मोहक को खीर खिलाई।सीएम ने सबसे पहले बच्चों को गोद लिया। दिव्यांशी जैसे सीएम के गोद मे गई, तो खुश हो गई। सभी बच्चों को खिलौना भी दिया। सीएम ने नगर निगम की 100 कूड़ा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई। ये गाड़ियां घर-घर जाकर कूड़ा उठाएंगी।इसके बाद सीएम योगी ने 501 करोड़ की 153 परियोजनाओं का शिलन्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा बोलती कुछ है और करती कुछ है। कानपुर कभी देश का उभरता हुआ शहर था, देश के आर्थिक संपन्न शहरों के रूप में जाना जाता था। पिछली सरकारों ने उसे तहस नहस कर दिया।आज मेट्रो का सफल संचालन हो रहा है। कानपुर डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग का हब भी बन रहा है। यहां पहले ही वर्ष में 38 हजार करोड़ के नए कार्यक्रम लेकर चल रहे हैं। कहा कि भाजपा सरकार कानपुर-बुंदेलखंड को उसका वैभव दिलाने के लिए कार्य कर रही है। कानपुर अर्थव्यवस्थाता का केंद्र बिंदु बनाया जा रहा है। वहीं, मंत्री व पूर्व आईपीएस असीम अरुण ने कहा कि अनसूचित वर्ग में कई जातियां हैं, जो समाज से अलग हैं। उन्हें भाजपा ने उनका हक दिलाया। सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछली सरकारों में सिर्फ शोषण किया गया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि पिछली सरकार में अनुसूचित वर्ग के साथ जमकर शोषण किया गया। जब चुनाव आता है, तब उन्हें अनुसूचित वर्ग याद आता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा द्वारा गरीब कल्याण की बात करती है। अन्य पार्टियों ने दलित वर्ग को सिर वोट बैंक समझा जाता है।

# चेन लुटेरों पर गिरी गाज, नौबस्ता प्रभारी ने कई थानों की बचाई लाज



## कानपुर में आंतक का पर्याय बने चेन स्नैचरों को नौबस्ता पुलिस ने दबोचा, थाना नौबस्ता पुलिस को मिली बड़ी सफलता दक्षिण में 10 लूटों को कबूला चार लूटी हुई चेन एक स्कूटी व दो मोटरसाइकिल बरामद

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दक्षिण क्षेत्र में ताबड़तोड़ एक के बाद एक 10 लूट करने वाले तीन शातिर लुटेरों को नौबस्ता पुलिस ने दबोच लिया। चेकिंग के दौरान भागने पर पुलिस ने तीनों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद तीनों के पास से लूट का माल भी बरामद हुआ है।

नौबस्ता पुलिस ने रविवार को तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि मॉर्निंग में लूट और चेन स्नेचिंग पर अंकुश लगाने के लिए उन्होंने सिविल ड्रेस में पुलिस की टीमों को सक्रिय किया था।इनपुट के आधार पर सीओडी नाले के किनारे संजय नगर नौबस्ता की ओर से एक नीले रंग की बाइक पर मास्क लगाए तीन संदिग्ध आते हुए दिखे। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो तीनों भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाया तो बाइक स्लिप हुई और तीनों गिर पड़े। पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। पूछताछ में तीनों ने अपना नाम गुंजन विहार कर्रही निवासी प्रतीक बाजपेयी, दीपक उर्फ दिलीप मिश्रा और मयंक अग्निहोत्री उर्फ मन्नू बताया। तीनों एक ही मोहल्ले में रहने के साथ ही दोस्त भी हैं। तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।26 अपैल को चकेरी मे स्कूटी सवार महिला का पर्स लूट, 2 जुलाई को मॉल के पास महिला से पर्स लूट, 13 अगस्त की रात बाइक सवार महिला लूटा, 25 अगस्त को लाल बंगला मे पैदल जाती महिला से चेन लूट, 30 सितंबर को नौबस्ता के एलआईसी चौराहे में ई-रिक्शा सवार महिला से लूट, 4 अक्टूबर नौबस्ता के रवीन्द्र नगर महिला के घर के बाहर चेन लूट, 8 अक्टूबर मार्बल मार्केट से एक व्यक्ति से मोबाइल लूट, 25 अक्तूबर को सुबह नौबस्ता में बुजुर्ग महिला से पर्स लूट की वारदात कबूल की। ये तीनों लुटेरे घूम-घूमकर नौबस्ता, जूही, चकेरी, नजीराबाद, बर्रा जैसे क्षेत्रों में लूट दो पहिया वाहनों से घटना को अंजाम देकर भाग जाते थे। इनको कई थानों की पुलिस तराश कर रही थी। लुटेरों के खिलाफ कई थाना क्षेत्रों में मुकदमे दर्ज हैं।

**गिरफ्तार करने वाली टीम में** -प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद पाण्डेय, उपनिरीक्षक मो0 अकरम मय,उपनिरीक्षक सद्दाम खान, उपनिरीक्षक जयवीर सिंह,उपनिरीक्षक चेतन कुमार, उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार सिरोही, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, उपनिरीक्षक रजनीश कुमार, उपनिरीक्षक, संदीप शर्मा उपनिरीक्षक निशांत कुमार, उपनिरीक्षक सौरभ सिंह, उपनिरीक्षक अंकुर सैन, उपनिरीक्षक अरविन्द मिश्रा, सर्विलांस सेल हे0का0 780 विकास चौहान,हे0का0 1343 हरगोविन्द सिंह व हे0का0 79 विपिन कुमार, हेका0 803 सौरभ पाण्डेय, हेका0 शोभित तोमर, का0 अक्षयपवार शामिल रहे।

# सपा विधायक का घर हुआ छावनी में तब्दील, पुलिस लाइन में विधायक को किया गया नजरबंद



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर में अनुसूचित जाति सम्मेलन में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहुंचने के ठीक पहले सपा विधायक अमिताभ बाजपेई को घर में ही नजरबंद कर दिया गया। विधायक के घर के बाहर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।इस दौरान सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने जब उनकी विधानसभा क्षेत्र से निकलने वाली श्री श्याम बाबा निशान यात्रा में शामिल होने के लिए अपनी पत्नी के साथ जाने की बात मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से कही तो उनको कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यात्रा में शामिल होने के लिए पुलिस अपने साथ लेकर गई।

यात्रा में शामिल होने के बाद विधायक अमिताभ बाजपेई ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जाने की बात पुलिस अधिकारियों से की तो पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा का हवाला देते हुए सपा विधायक को पुलिस लाइन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बीच पहुंचा दिया और नजर बंद कर दिया।बताते चलें कि कानपुर में अनुसूचित जाति सम्मेलन में कानपुर-बुंदेलखंड के 14 जिलों से अनुसूचित लोगों जुट हैं। 52 विधानसभा से अनुसूचित वर्ग के लोगों को जनसभा तक लाया गया है। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए पहुंचे थे।

# दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर पर संपन्न

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर पर राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत उद्यान विभाग कानपुर देहात के सहयोग से 25-25 कृषकों के समूह में दिनांक 27 व 28 अक्टूबर को दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया किया गया। उपनिदेशक उद्यान कानपुर मंडल डॉक्टर बलजीत सिंह की अध्यक्षता में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिला उद्यान अधिकारी कानपुर देहात डॉक्टर बलदेव प्रसाद द्वारा उद्यान विभाग में संचालित ड्रिप सिंचाई, मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई एवं पोर्टेबल स्प्रिंकलर तथा साग भाजी की खेती तथा फूलों से संबंधित गेंदा की खेती व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

केन्द्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह द्वारा लो टनल विधि से सब्जियों की पौध तैयार करने की विधि तथा खेती की लागत कम व उत्पादन अधिक से संबंधित फसलों पर विस्तार से जानकारी दी गई। केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अजय कुमार सिंह द्वारा मसाला फसलों में रोग नियंत्रण की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक विधि से मसालों की खेती अधिक लाभप्रद होती है।

डॉ खलील खान द्वारा फल वर्षों में खाद एवं उर्वरक प्रबंधन फूलों की खेती तथा उसके विपणन के बारे में जानकारी दी गई जबकि डॉक्टर निमिषा अवस्थी द्वारा फल एवं सब्जियों के परिरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी गई। दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण में कोठारी इरिगेशन प्राइवेट लिमिटेड के इंजीनियर पवन कुमार प्रजापति के द्वारा ड्रिप एवं सिंचाई सिस्टम के लाभ के बारे में जानकारी दी। इस दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण में योजना प्रभारी श्री घनश्याम, रमेश चंद्र कटियार एवं सुरेश कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

# पटाका थोक बाजार को पूर्व कि तरह शहर के बाहर भेजने लगाई गुहार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।16 वर्षों से उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों द्वारा कानपुर फुटकर पटाखा बाजार एसोसिएशन के व्यापारी सरकार के द्वारा बताए गए नियमों का पालन करते हुये अपनी फुटकर पटाखा विक्रय कर रहे है। इस वर्ष भी सरकार के द्वारा बताए गए नियमों का पालन करते हुये अपनी फुटकर पटाखा दुकानों से पटाखा विक्रय करेंगे। विदित हो की हम फुटकर पटाखा व्यापारी शहर के थोक दुकानदारों से ही माल खरीदते है । थोक पटाखा व्यापारी विगत वर्षों में लगातार शहर के बाहर ही अपना व्यवसाय करते थे। समाचार पत्रों के द्वारा एसोसिएशन को जानकारी मिली कि इस बार थोक व्यापारी शहर के बीचोबीच मोतीझील लान से अपनी दुकाने लगाना चाहते है जिसकी वजह से शहर के 350 फुटकर पटाखा व्यापारियों का व्यवसाय (जिससे उनके परिवार का भरण पोषण होता है) चौपट हो जाएगा। उक्त 16 थोक व्यापारियों के हित के साथ साथ 350 फुटकर पटाखा व्यापारियों के परिवारों का ध्यान रखते हुए उत्तका हित में थोक बाजार को पहले की तरह शहर के बाहर भेजने का आदेश पारित करने की कृपा करें।

# बाल रोग के विभाग अध्यक्ष अरुण आर्य पर मीडिया को झूठी रिपोर्ट देने के मामले मे होगी कार्यवाही



कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर संजय काला ने सोशल मीडिया में चल रही भ्रामक खबर का पूरी तरह किया खंडन।खबर को पूरी तरह से बताया निराधार व असत्य। बाल रोग के विभाग अध्यक्ष अरुण आर्य पर मीडिया को झूठी रिपोर्ट देने के मामले मे होगी कार्यवाही।

# मोबाइल चोर को पुलिस में जेल भेजा



कानपुर। पुलिस उपायुक्त कमिरेट कानपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) कमिश्नरेट कानपुर नगर व अपर पुलिस उपायुक्त नगर दक्षिण के निर्देशन में व एसीपी नौबस्ता के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक वर्रा के नेतृत्व में दर्रा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 233/2023 धारा 379 भादवि की विवेचना के क्रम में आज दिनांक 23.10.2023 अभियुक्त अशोक कुमार शर्मा उर्फ बल्लू पुत्र श्री राकेश कुमार शर्मा निवासी- 127/121 जूही गढ़ा थाना जूही जनपद कानपुर नगर उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार कर मुकदमा उपरोक्त में चोरी गये मोबाइल फोन ओप्पो कम्पनी को बरामद कर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढोत्तरी कर विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा जा रहा है।नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त अशोक कुमार शर्मा उर्फ बल्लू पुत्र राकेश कुमार शर्मा निवासी 127 121 जूही गढ़ा थाना जूही जनपद कानपुर नगर उम्र 30 वर्षअपराधिक इतिहास मु0अ0स0- 147/2023 धारा 380411 भादवि0 थाना जूही बरामदगी एक अदद मोबाइल फोन ओप्पो कम्पनी का गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक सूर्यबली पाण्डेय थाना वर्ग कानपुर नगर उ0नि0 राकेश कुमार यादव थाना बर्रा कानपुर नगर हे0का 571 मुकेश कुमार सिंह थाना बर्रा कानपुर नगर

# हनुमंत बिहार में पुलिस कमिश्नर द्वारा परिवार परामर्श केंद्र का किया गया उद्घाटन







कानपुर। थाना हनुमंत बिहार में पुलिस कमिश्नर द्वारा परिवार परामर्श केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में शहर के लगभग सारे पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। वार्ता में पुलिस कमिश्नर आर के स्वर्णकार ने बताया कि परिवारों में चल रहे तनाव परिवार को क्षति पहुंचा रहे है। वही तनाव में आकर कई परिवार के लोग आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाते है। यदि ऐसे लोगो की निरंतर काउंसिलिंग की जाए तो आत्महत्याओं को रोका जा सकता है।जिसे देखते हुए सभी थानों में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। वही आज हनुमंत बिहार थाना में भी परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। आयोजन प्रति सप्ताह सोमवार सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक होगा। कार्यक्रम में डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार व एसीपी अभिषेक कुमार पांडेय व आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। वही नारायणपुरी इलाके से मध्यस्थता में आए एक परिवार द्वारा की गई शिकायत में पत्नी ने अपनी सास व पति पर खाने में नुक्स निकालने का आरोप लगाया।मामले को देखते हुए एडीडीसीपी अमिता सिंह ने परिवार को बैठाकर समझाया बुझाया बात समझने के बाद दंपत्ति ने एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें खाई और सहमति से घर वापस चले गए। जानकारी के मुताबिक परिवार परामर्श में कुल सात परिवारों की मध्यस्थता हुई। जिसमे तीन परिवारों को समंजस से संतुष्ट कर घर भेजा गया ।

बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू व्हाट्सअप 9335908846 मो.: 8423454502 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी।